
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सबसे बड़ा शिक्षक है..... | ऑफिस में ऐसे बनेगी.......

वर्ष : 11 | अंक : 254 | लखनऊ, 03 सितम्बर, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## प्रधानमंत्री मोदी ने जीविका निधि साख सहकारी संघ का किया शुभारंभ

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिमोट का बटन दबाकर बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभकिया। साथ ही प्रधानमंत्री ने 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उनकी सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है।बिहार का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जीविका निधि का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हैं।इस काम से स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों को लोन की राशि मिलने में सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 1 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जिसमें से 105 करोड़ रुपये की राशि जीविका निधि के बैंक खाते में आज भेजी जा रही है। खुशी की बात है कि इसके लिए आगे केन्द्र सरकार भी 110 करोड़ रुपये की सहायता देगी।इससे स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों को काफी फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को हमारी सरकार बनी थी, तबसे ही महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरूआत की गयी। वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2016 से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे 'जीविका' नाम दिया और इससे जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी कहा। अब स्वयं सहायता समूह की संख्या लगभग 11 लाख हो गयी है जिसमें जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 40 लाख हो गयी है। वर्ष 2024 से शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का गठन हो रहा है जिनकी संख्या 37 हजार हो गयी है जिसमें लगभग 3 लाख 85 हजार जीविका दीदियां हैं, इसका गठन लगातार जारी है।

## वोटर अधिकार यात्रा में गुम हुई बाइक!

### राहुल गांधी ने खोई बाइक के बदले दी नई पल्सर, दरभंगा के युवक का जीता दिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एक राजनीतिक रोड शो में अप्रत्याशित मोड़ तब आया जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में बिहार के दरभंगा के एक ढाबा मालिक को एक बिल्कुल नई पल्सर 220 बाइक उपहार में दी, जिसकी मोटरसाइकिल एक रैली के दौरान गायब हो गई थी।यह घटना 27 अगस्त को हुई, जब राहुल गांधी अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के तहत दरभंगा में एक रोड शो और रैली कर रहे थे। इस दौरान, सुरक्षाकर्मियों ने ढाबे के पास खड़ी कई बाइकें जब्त कर लीं। इनमें ढाबे के मालिक शुभम की एक पल्सर 220 भी शामिल थी।

कांग्रेस ने एक्स पर शुभम सौरभ की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसने अपनी आपबीती सुनाई और गर्व से अपनी मोटरसाइकिल की चाबी दिखाई, जिसे खुद राहुल गांधी ने उन्हें सौंपा है। सौरभ ने बताया, जब राहुल गांधी दरभंगा में बाइक रैली निकाल रहे थे, तो मैंने अपनी मोटरसाइकिल उनके साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों को दे दी थी। बाद में जब मुझे पता चला कि मेरी मोटरसाइकिल कहीं खो गई है, तो मैं बहुत दुखी हुआ। उन्होंने बताया, दो दिन पहले, मुझे किसी अनजान व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि राहुल गांधी एक सितंबर को पटना में मुझे एक नयी मोटरसाइकिल भेंट करना चाहते हैं। युवक ने यह खबर अपने पिता को बताई। हालांकि, शुरू में तो दोनों को इस बात पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने तय किया कि जिस दिन राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा का समापन करेंगे, उसी दिन वे पटना जाएंगे। उन्हें आयकर गोलम्बर पर इंतजार करने के लिए कहा गया, जहां गांधी मैदान जाते समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल युवक को चाबियां सौंपने के लिए कुछ देर रुके। सौरभ ने कहा, मुझे उसी मॉडल की बिल्कुल नयी मोटरसाइकिल मिलने की खुशी है, जो मैंने खो दी थी। इतने बड़े नेता के इस कदम से मैं अभिभूत हूं। गौरतलब है कि कांग्रेस की 14 दिवसीय, 1,300 किलोमीटर लंबी वोटरअधिकार यात्रा सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में संपन्न हुई। राहुल गांधी द्वारा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू की गई इस यात्रा का उद्देश्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से लोगों के मताधिकार पर कथित हमले को उजागर करना था।



### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## शरजील इमाम की नहीं होगी रिहाई, हाईकोर्ट ने दिया बड़ा झटका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से जुड़े 'बड़ी साजिश' मामले में आरोपी कार्यकर्ता उमर खालिद, शरजील इमाम समेत अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने शरजील इमाम, उमर खालिद, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष ने दलीलों का विरोध करते हुए कहा था कि यह स्वतःस्फूर्त दंगों का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसा मामला है जहाँ दंगों की पहले से ही योजना बनाई गई थी और इसके पीछे एक खतरनाक मकसद और सोची-समझी साजिश थी।

खालिद, इमाम और अन्य पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित ₹मास्टरमाइंड₹ होने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। यह हिंसा सीएए और एनआरसी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी।

## घुसपैठियों की अब खैर नहीं, हर राज्य में बनेंगे डिटेंशन सेंटर : गृह मंत्रालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत सरकार ने हाल ही में लागू इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत विदेशियों के प्रवेश और ठहराव पर कई सख्त प्रावधान किए हैं। यह आदेश सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक व्यवस्था और संवेदनशील सीमाई इलाकों की सुरक्षा से जुड़ा है। यह प्रावधान स्पष्ट करता है कि भारत अब अपनी सुरक्षा नीतियों में किसी तरह का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि विदेशियों पर अगर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, जासूसी, बलात्कार और हत्या, आतंकवादी कृत्यों, बाल तस्करी या




किसी प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होने का आरोप सिद्ध होता है तो उन्हें भारत में प्रवेश करने या रहने की अनुमति देने से मना किया जा सकता है।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल ही में लागू किए गए आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन विदेशियों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से समर्पित निरुद्ध केंद्र या हिरासत शिविर स्थापित करेगा, जब तक कि उन्हें निर्वासित नहीं कर दिया जाता। गृह मंत्रालय ने कहा कि जो भी विदेशी किसी भी श्रेणी के वीजा के लिए आवेदन करता है, जिसमें प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारक के रूप में पंजीकरण भी शामिल है, उसे वीजा जारी करने वाली अथवा ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण प्रदान करने वाले प्राधिकरण को अपनी बायोमेट्रिक जानकारी देने की अनुमति देनी होगी, और यह प्रक्रिया वीजा या पंजीकरण दिए जाने से पहले पूरी की जाएगी। गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि यदि भारत में अवैध प्रवासियों को पकड़ा जाता है, तो उन्हें निर्वासन (देश से वापस भेजे जाने) की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी होल्डिंग सेंटर या शिविर में रखा जाएगा और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हम आपको बता दें कि निर्दिष्ट सीमा सुरक्षा बल या तटरक्षक बल भारत में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले अवैध आप्रवासियों को रोकने के लिए कदम उठाएंगे तथा केंद्र सरकार के निर्दिष्ट पोर्टल पर उनकी बायोमेट्रिक जानकारी और उपलब्ध जनसांख्यिकीय विवरण प्राप्त करने के बाद उन्हें वापस भेजेंगे। गृह मंत्रालय के आदेश में कहा गया, ह्लकिसी विदेशी को निम्नलिखित आधारों पर भारत में प्रवेश या रहने से मना किया जा सकता है, अर्थात- यदि उसे राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों, जासूसी, बलात्कार और हत्या, मानवता के विरुद्ध अपराध, आतंकवादी और विध्वंसक गतिविधि के आरोपों में दोषी ठहराया जाता है, जिसमें ऐसी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता या धन शोधन या हवाला की व्यवस्था करना शामिल है।

### संक्षिप्त समाचार

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने खजराना गणेश जी का आशीर्वाद लेकर शुरू किया अपना कार्यक्रम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इंदौर/भोपाल। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने इंदौर प्रवास की शुरूआत आज मंगलवार को खजराना स्थित सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना से की। गणेशोत्सव के इस पावन अवसर पर उन्होंने प्रभु श्री गणेश जी के चरणों में नमन कर राष्ट्र और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना कीं। ज्ञात रहे सिंधिया अपने 2 दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे है। खजराना गणेश जी दर्शन करने के बाद सिंधिया ने कहा कि हर शुभ कार्य से पूर्व प्रभु का आशीर्वाद लेना न केवल उनकी परंपरा, बल्कि उनकी पारिवारिक विरासत और व्यक्तिगत आस्था का भी अभिन्न हिस्सा है।

यह सर्वविदित है कि सिंधिया राजघराने में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाने की ऐतिहासिक परंपरा रही है। गणेश चतुर्थी का वर्तमान स्वरूप 1892 में ग्वालियर में शुरू हुआ था और इसी स्वरूप से प्रेरणा लेकर बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव आयोजन को स्वतंत्रता के संग्राम से जोड़ा था। स्वर्गीय महाराज जीवाजीराव सिंधिया ने गणेश चतुर्थी की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्वालियर टाउन हॉल में बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किए, जिनमें डॉ. रवीन्द्रनाथ टैगोर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, पं. मदनमोहन मालवीय और डॉ. बालकृष्ण शिवराम मुंजे जैसे महान विद्वान शामिल हुए थे। इस प्रकार गणेशोत्सव न केवल आस्था का पर्व रहा, बल्कि समाज में ज्ञान, विवेक और जनजागरण का माध्यम भी बना। आज भी सिंधिया परिवार पूरे हर्षोल्लास और परंपरागत आस्था के साथ गणेशोत्सव मनाता आ रहा है।

## उत्तर भारत में आसमान से आफत! हिमाचल-उत्तराखंड में भूस्खलन

### दिल्ली-पंजाब में बाढ़ से हाहाकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर भारत के पूरे हिस्से में बारिश का कहर जारी है क्योंकि राज्य जलमग्न सड़कों, बाढ़ की चेतावनियों, बह गए घरों और यमुना के खतरे के निशान से ऊपर होने से जूझ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में कई लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य लापता हैं, जहाँ पिछले कुछ दिनों से बादल फटने से लगातार बाढ़ आ रही है। इस बीच, पंजाब में 29 लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं



क्योंकि राज्य 'हाल के इतिहास की सबसे भीषण बाढ़' का सामना कर रहा है। दिल्ली और उससे सटे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहाँ बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस गया और अधिकारियों ने और भी खतरों की चेतावनी दी है क्योंकि आस-पास के बैराज लगातार पानी छोड़ रहे हैं। हालांकि, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कम से कम सात दिनों तक कोई राहत नहीं मिलने की भविष्यवाणी की है।

### उत्तर भारत में बारिश से मची अफरा-तफरी

-उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच केदारनाथ के समीप एक वाहन के भूस्खलन की चपेट में आने उसमें सवार दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। प्रदेश में लगातार वर्षा के मद्देनजर पांच सितंबर तक हेमकुंड साहिब और चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गयी है। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश का रेड अलर्ट या आरेंज अलर्ट जारी किए जाने के मद्देनजर ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी लगातार दूसरे दिन स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गयी है। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया के पास हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ।

-हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भूस्खलन से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि बाढ़ प्रभावित पंजाब में सोमवार को फिर मूसलाधार बारिश हुई, जिसके कारण राज्य के सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। जम्मू-कश्मीर के कटरा कस्बे में भारी वर्षा के बीच माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही। पिछले मंगलवार को यात्रा मार्ग पर भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी।

## मरीन ड्राइव पर रील्स बना रहे लड़कों संग ठुमका लगाते दिखे तेजस्वी यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हाल ही में पटना के नव-उद्घाटित मरीन ड्राइव पर युवाओं के साथ नाचते और रील बनाते नजर आए। क्लिप में, तेजस्वी ऋतिक रोशन के मशहूर डांस स्टेप्स की नकल करते और स्थानीय कंटेंट क्रिएटर्स से ट्रेंडिंग डांस स्टेप्स सीखते नजर आ रहे हैं, जिससे इस राजनेता का एक चंचल और सहज पक्ष सामने आ रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में, तेजस्वी ने युवाओं के साथ अपने हल्के-फुल्के पलों की एक झलक साझा की और बताया कि सड़क पर मिले इन युवाओं के जोर देने पर उन्होंने और उनके सिंगापुर स्थित भतीजे ने यह मजेदार काम किया। तेजस्वी ने एक्स पर लिखा कि गर्मी, बारिश और उमस के बीच कल 16 दिनों तक चली वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हुई। रात्रि में सिंगापुर से आए भांजे ने कहा ड्राइव पर चले। रास्ते में सड़क पर कुछ युवा साथी कलाकार मिले। वो गाना गा रहे थे, रील्स बना रहे थे। आग्रह करने लगे तो हमने भी हाथ-पैर आजमाए। हम सब सहजता, सरलता और सुगमता के साथ युवाओं की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं, सपनों और उम्मीदों संग कदमताल कर जाति-धर्म से ऊपर उठ नए बिहार के निर्माण का संकल्प लेकर सत्ता परिवर्तन करेंगे।

## शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पद पर बने रहना है या प्रमोशन चाहिए तो देनी होगी टीईटी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि नियुक्ति चाहने वाले शिक्षकों और पदोन्नति चाहने वाले सेवारत शिक्षकों, दोनों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य होगा। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह आदेश अल्पसंख्यक दर्जे वाले शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति से पहले पाँच साल से कम सेवा शेष है, उन्हें अपने पद पर बने रहने के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालाँकि, अगर वे पदोन्नति चाहते हैं तो उन्हें टीईटी उत्तीर्ण करना होगा।

### पुराने शिक्षकों के लिए दो साल का समय

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) लागू होने से पहले नियुक्त हुए और जिनकी सेवा अवधि पाँच साल से ज्यादा बची है, उन्हें दो साल के भीतर टीईटी पास करना होगा। अदालत ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। ऐसे शिक्षकों को केवल स्थायी लाभ ही मिलेंगे। अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त शिक्षण संस्थानों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आदेश फिलहाल उन पर लागू नहीं होगा। अदालत ने कहा कि आरटीई अधिनियम अल्पसंख्यक स्कूलों पर लागू होता है या नहीं, यह एक कानूनी प्रश्न है जो सुप्रीम कोर्ट की बड़ी पीठ के पास लंबित है।

## 'आज पंजाब संकट में है', केजरीवाल की मदद की गुहार

### आप विधायक एक महीने का वेतन दान करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पंजाब के लिए देशव्यापी समर्थन की अपील की। ??उन्होंने घोषणा की कि पार्टी के सांसद और विधायक पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में एक महीने का वेतन देंगे। आप नेता की यह अपील ऐसे समय में आई है जब पंजाब भारी बारिश और बाढ़ के बाद की स्थिति से जूझ रहा है, जिससे कई जिलों में व्यापक क्षति और विस्थापन हुआ है।




एक्स पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा कि पंजाब देश पर आए किसी भी संकट का सामना करने के लिए हमेशा डटकर खड़ा रहा है। आज, पंजाब खुद संकट में है। मैं अपने सभी देशवासियों से इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करने की अपील करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी सांसद और विधायक पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में एक महीने का वेतन दान कर रहे हैं। आइए हम सब मिलकर पंजाब को इस भयानक त्रासदी से उबरने में मदद करें।

पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री एस हरदीप सिंह मुंडियन के अनुसार, बाढ़ ने 12 जिलों में 2.56 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है, हजारों लोगों को विस्थापित किया है और मानव जीवन, संपत्ति, कृषि और पशुधन को भारी नुकसान हुआ है। तत्काल राहत प्रदान करने के लिए, राज्य सरकार ने 129 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जिनमें 7,144 लोग शरण लिए हुए हैं। फिरोजपुर में सबसे अधिक 3,987 लोग हैं, उसके बाद फाजिल्का (1,201), होशियारपुर (478), पठानकोट (411) और गुरदासपुर (424) हैं। अब तक कुल 1,044 गाँव प्रभावित हुए हैं, जिनमें गुरदासपुर में सबसे अधिक 321, उसके बाद कपूरथला (115), होशियारपुर (94), अमृतसर (88) और पठानकोट (82) हैं।

गुरदासपुर सबसे अधिक प्रभावित जिला बना हुआ है, जहां लगभग 1.45 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अन्य गंभीर रूप से प्रभावित जिलों में अमृतसर (35,000), फिरोजपुर (24,015) और फाजिल्का (21,562) शामिल हैं। राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए, राज्य ने कई एजेंसियों को तैनात किया है। राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए, कई एजेंसियों को जुटाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 20 टीमों को तैनात किया है, जबकि सेना, नौसेना और वायु सेना ने 10 कॉलम तैनात किए हैं, जिनमें से आठ स्टैंडबाय पर हैं, साथ ही उनके संबंधित इंजीनियर इकाइयां भी हैं। 35 से अधिक हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों में लगे हुए हैं, जिन्हें 114 नावों और एक राज्य हेलीकॉप्टर का समर्थन प्राप्त है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

## मकान में सो रहे मजदूरों के रूपए चोरी, जागने पर बाइक छोड़ कर भाग निकला चोर

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 8 स्थित निमार्णाधीन मकान में काम करने वाले मजदूर उसी घर में सो रहे थे, घर में घुसकर चोर ने पैसे चोरी कर लिए, मोबाइल फोन निकालने के समय मजदूरों की नींद खुल गई, उन्होंने चोर को ललकारा तो चोर भाग निकला, लेकिन वह अपनी बाइक नहीं ले जा सका पीड़ितों ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

प्रदीप निषाद, ग्राम गजरहिया, थाना कैपियरगंज जिला गोरखपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह और उनके साथी अमरनाथ वृन्दावन योजना सेक्टर 8 स्थित प्रिया चतुवेर्दी के मकान नंबर-8 / 65 में काम करते हैं और वहीं रहते हैं। घटना बीते 12 अगस्त की रात 2 बजे के लगभग की है। प्रदीप और अमरनाथ दोनो ऊपर वाले कमरे में सो रहे थे, तभी एक चोर घर में घुसा और 12 हजार रुपए निकाल लिया। और मोबाइल निकालने की कोशिश की तो यह दोनों जग गये, और पकडने की कोशिश की तो वह छत से कूद गया, और दीवाल कूद कर भागने लगा। दोनो ने उसे ईंट से मारा उसको चोट भी लगी लेकिन व भाग गया। लेकिन और उसकी बिना नम्बर की पल्सर बाइक वहीं छूट गयी। उसका चेचिस नम्बर MD2A13EZ0GCG44534 है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवा में नई पहल, निजी हाथों में सौंपी जाएंगी 15 सीएचसी

### मिलेगी बेहतर सुविधा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी) के माध्यम से चलाएगी इन सीएचसी पर डाक्टरों व कर्मचारियों की कमी के कारण ग्रामीणों को इलाज में दिक्कत हो रही थी। अब निजी सेवा प्रदाता इन सीएचसी को 30 बेड की प्रथम संदर्भन इकाईयों (एफआरयू) के रूप में विकसित करेंगे। वहां डाक्टर से लेकर अन्य कर्मचारी की तैनाती करके इनका संचालन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को निविदा के माध्यम से सभी सीएचसी "जैसा है जहां है" की स्थिति में 30 वर्ष के लिए अनुबंध पर दी जाएंगी। उन्हें कोई भी कर्मचारी हस्तांतरित नहीं किया जाएगा। सेवा प्रदाता को ओपीडी, जांच की सुविधा, मरीजों की भर्ती और दवा मुफ्त उपलब्ध कराना होगा। इन सेवाओं के लिए उसे हर महीने भुगतान सीएचसी के संचालन की तिथि से दिया जाएगा। ये भुगतान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन इलेक्ट्रानिक स्वास्थ्य रिकार्ड के माध्यम से बने चालान पर दिया जाएगा। स्वास्थ्य बीमा वाले मरीजों के भर्ती होने के बाद का खर्च तय सीमा से अधिक होगा, तो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की दरों से उसकी कमी पूरी की जाएगी सेवा प्रदाता को मरीजों को दवाएं निःशुल्क देनी होंगी, इसके लिए कोई भुगतान स्वास्थ्य विभाग नहीं करेगा। सीएचसी हस्तांतरित होने के बाद सेवा प्रदाता को अपने खर्च पर 30 बेड के एफआरयू की स्थापना और संचालन करना होगा। स्वास्थ्य देखभाल के लिए कर्मचारियों की तैनाती भी निर्धारित मानकों के अनुसार करनी होगी। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) और राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) प्रमाण पत्र सीएचसी की संचालन तिथि के छह माह के अंदर लेना होगा। बिजली, पानी, गैस सहित सभी बुनियादी ढांचे का संचालन अपने खर्च पर करना होगा।

### इन सीएचसी को किया जाएगा विकसित

महाराजगंज की सीएचसी अड्डा बाजार, सोनभद्र की बभनी, गोरखपुर की बेलघाट, चंदौली की भोगवारा, खीरी की चंदन चौकी, श्रावस्ती की मल्हीपुर, लखनऊ की नगराम, बलरामपुर की नंद नगर खजुरिया, चित्रकूट की राजपुर, सिद्धार्थ नगर की सिरसिया, बलिया की सुखपुरा, कुशीनगर रकी तुरकहा, बहराइच की विश्वेश्वरगंज, फतेहपुर की हाजीपुर

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

### रहीमाबाद इलाके की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बीती रात घरवालों के साथ कमरे में सो रही युवती मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिली। सुबह मां मुन्नी ने जगाया तो वह नहीं उठी तो स्वजन ने पड़ोसियों को जानकारी दी। जानकारी पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने देखा तब वह मृत अवस्था में मिली।

मृतका के भाई रेहान ने बताया कि बीते कई सालों से बहन जैबुन (18) का लखनऊ के एक सरकारी अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीते एक सप्ताह पूर्व खेतों में शौच के लिए गई थी तब बहन जैबुन की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तब अस्पताल में एडमिट कराया था। वह अक्सर बीमार रहती थी। उसके नाक से हल्का-हल्का ब्लड का रिसाव होता रहता था बीती रात्रि स्वजन के साथ भोजन करके साथ कमरे में सो गई थी। सुबह स्वजन ने देखा तो जैबुन बिस्तर में मृत पड़ी हुई थी। पिता सुलेमान ने बताया कि अचानक बेटी की हुई मौत की खबर से वह खुद परेशान हैं। बेटी की मौत की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि परिजनों के मुताबिक बेटी की लंबी बीमारी के चलते मौत हुई है परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने की मांग की जिसपर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## तीन साल होगा राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कैबिनेट ने राज्य विधि आयोग के कार्यकाल व आयोग के वर्तमान अध्यक्ष की सेवाशर्तों को केंद्रीय विधि आयोग के कार्यकाल व केंद्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष की सेवा शर्तों के समतुल्य किए जाने का निर्णय किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अब राज्य विधि आयोग का कार्यकाल केंद्रीय विधि आयोग की तरह तीन वर्ष का ही होगा। वर्तमान में राज्य विधि आयोग का कार्यकाल पांच वर्ष का है। राज्य विधि आयोग के अगले अध्यक्ष की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव का सेवाकाल एक वर्ष से अधिक शेष है। वह राज्य में सातवें विधि आयोग के तीसरे अध्यक्ष हैं। केंद्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष को मिलने वाले भत्तों व अन्य सुविधाओं के अनुरूप ही अब राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष को भी सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## ईश्वरी खेड़ा में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

### पत्नी व प्रेमी पर हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में ईश्वरी खेड़ा में रहने वाले राहुल 25 वर्ष की मौत में नया मोड़ आ गया है, मृतक के पिता ने अपने इकलौते पुत्र को मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

गंगाराम निवासी बिन्दौवा थाना मोहन लाल गंज लखनऊ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि, पुत्र राहुल 25 वर्ष का विवाह लगभग 2 वर्ष पहले ग्राम ईश्वरी खेड़ा, थाना पीजीआई, लखनऊ निवासी राजेश कुमार की बेटी निधि के संग हुआ था। विवाह के 2 माह पश्चात ही आये दिन मृतक को अपने मायके में रहने के लिये दबाब बनाती थी। और उसके घर के लोग भी ससुराल में रहने का दबाव बनाते थे। फिर कुछ दिन पश्चात राहुल वहीं रहने लगा।

गंगाराम का कहना है कि ससुराल में रहने के दौरान राहुल ने अपनी पत्नी निधि को अन्य व्यक्ति के साथ आपत्ति जनक अवस्था पकड लिया, जिसके साथ निधि के अवैध सम्बन्ध है। फिर उसी के बाद दोनों में झगड़ा होने लगा। हत्या करने के 2 दिन पूर्व भी निधि को उसके प्रेमी के साथ आपत्ति जनक अवस्था में फिर पकड़ लिया था। जिसका विरोध करने पर राहुल को बेरहमी से पीटा और मरणासन्न होने पर फांसी पर लटका दिया जिससे उसे आत्महत्या साबित किया जा सके। गंगाराम ने कहा कि आशंका जताई है कि राहुल को मारने में निधि के प्रेमी के अतिरिक्त और भी लोग शामिल हैं।

वीडियो में दिख रहा है कि राहुल के शरीर पर चोट के निशान हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र सिंह से जब जानकारी चाही तो उनका कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। वीडियो में चोट के निशान नहीं हैं। और मुझे कोई तहरीर नहीं मिली है।

## जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर की पूजा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख पर्व पर्युषण के पांचवें दिन सोमवार को जैन मंदिरों में ह्यउत्तम सत्य धर्मह्ण की पूजा-अर्चना की गयी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर आत्मशुद्धि का संकल्प लिया।

आपको बता दें कि, आशियाना स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रवचन माला के दौरान पंडित उमेश जैन शास्त्री ने उत्तम सत्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य का वास्तविक अर्थ केवल सच बोलना नहीं, बल्कि अप्रिय, कठोर, निंदापूर्ण और कटु वचनों से बचना भी है। उन्होंने कहा उत्तम सत्य धर्म वह मार्ग है जो व्यक्ति को सत्य, न्याय और नैतिकता की दिशा में अग्रसर करता है। यह न केवल बाहरी आचरण की शुद्धता पर बल देता है, बल्कि अंतःकरण की पवित्रता को भी अनिवार्य मानता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज में छल, कपट और स्वार्थ बढ़ रहे हैं, ऐसे में उत्तम सत्य धर्म का पालन ही मनुष्य को सच्चे अर्थों में धर्मनिष्ठ और मानवतावादी बना सकता है। सत्य को जीवन में आत्मसात करना ही उत्तम आचरण का प्रतीक है, जो अंततः समाज में शांति, समरसता और विश्वास की स्थापना करता है।

इस मौके पर समिति के मंत्री अजय जैन, उपाध्यक्ष अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष शरद जैन, संयुक्त मंत्री अंकित जैन, संजीव जैन, बृजेश जैन (बंटी), आशीष जैन के साथ ही महिला मंडल की उपाध्यक्ष डॉ० सविता जैन, स्वीटी जैन, सोनी जैन, अनीता जैन, राखी जैन, रिमझिम जैन, मीनू जैन, सरिता जैन, संगीता जैन आदि बड़ी संख्या में साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

## शातिर चोरों ने एक घर को बनाया निशाना, नकदी जेवरात किए पार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने घर में दाखिल होकर हजारों की नकदी व जेवरात पार कर फरार हो गए।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के किठाई पारा निवासी शंकर लाल सोमवार रात को परिवार के साथ भोजन कर सभी सदस्य सो गए। देर रात अज्ञात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए मकान के पीछे की दीवार पर सेंध कर घर में दाखिल होकर 50 हजार नगदी सहित जेवरात लेकर फरार हो गए। घर के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

सुबह खेत जा रहे गांव के एक व्यक्ति ने देखा कि शंकर लाल के घर की दीवार में सेंध लगी है। उसके बाद उसने घर वालों को इसकी सूचना दी। यह सुनकर घर वाले दंग रह गए घर वालों ने इसकी सूचना मलिहाबाद पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## वैगनआर की टक्कर से बाइक सवार घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वैगनआर कार की टक्कर से बाइक सवार बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के माधवगंज थाना क्षेत्र पहुतेरा निवासी अभिषेक (26) मंगलवार देर रात वह लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मलिहाबाद थाना क्षेत्र के महमूदनगर राजवाड़ा लॉन के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार घायल हो गया स्थानीय व राहगीरों ने घायल अवस्था में बाइक सवार को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक



घायल अवस्था में अभिषेक – फोटो


उपचार कर हालत गंभीर देख लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ में 12 घंटे में 2.30 करोड़ रुपये कर संग्रह, 1,365 शिकायतों का निस्तारण हुआ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नगर विकास विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के कई नगर निगमों में एक साथ 12 घंटे का विशेष अभियान चलाकर जलभराव, वर्षों से बने कूड़े के ढेर हटाए। लोगों की समस्याओं का समाधान किया। गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके सफाई मित्र को देने की जानकारी दी। अभियान के तहत लखनऊ नगर निगम के सभी आठ जोन में 32 कर वसूली और शिकायत निवारण शिविर लगाकर 1,365 शिकायतों का समाधान किया गया। मौके पर ही 2.30 करोड़ रुपये का कर संग्रह भी किया गया। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने मछली फाटक के 15 साल पुराने कूड़ा ढलाव घर को हटाकर उसका सौंदर्यीकरण किया। राधा अष्टमी के मौके पर अहिल्या बाई पार्क और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान



चलाया गया। गाजियाबाद नगर निगम ने मोहन नगर, शालीमार गार्डन, मोहन नगर बस स्टैंड में पुराने नालों और पाइपलाइनों की सफाई करके जलभराव की समस्या का समाधान किया। इस मौके पर अयोध्या को भारत इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने कूड़ा उठाने वाले 20 इलेक्ट्रानिक हापर टिपर दिए। प्रत्येक वार्ड में एक टिपर जीपीएस और रूट मैप के साथ चलेगा। इलेक्ट्रिक होने के कारण इससे प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। शाहजहांपुर नगर निगम ने निगोही रोड पर वर्षों पुराने 150 टन गीले कचरे के ढेर को ट्रीटमेंट प्लांट भेजकर निस्तारित कराया। मुरादाबाद नगर निगम ने 200 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया। यह क्षेत्र नगर निगम को हस्तांतरित न होने के कारण लंबे समय से उपेक्षित था। मेरठ नगर आयुक्त ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर निराश्रित और अशक्त गौवंश की देखभाल, पोषण और स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी ली। इसके अलावा बरेली, प्रयागराज, फिरोजाबाद, अलीगढ़, गोरखपुर, वाराणसी में भी स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए गए।

## वारंटी को पकड़ने गए दरोगा पर हमला, आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जहां यूपी में योगी सरकार आने के बाद से एक ओर प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वर्दी धारी पुलिसकर्मियों को अपराधियों पर लगाम लगाने की पूरी छूट मिली तो वहीं, दूसरी ओर अपराधियों के हौसले भी बुलंद होने लगे। लगातार सामने आ रहे इसी से जुड़े मामलों के बीच माल थाने में तैनात दरोगा प्रिंस बालियान पर दबंगों की ओर से हमला करने का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि बीती सोमवार रात दरोगा एक वारंटी को पकड़ने के लिए पहुंचे थे, उसी दौरान वारंटी अभियुक्त व उसके परिवार के लोगों ने दरोगा पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें मामूली चोटें भी आईं। दरोगा की तहरीर पर माल थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गैंगस्टर एक्ट के वारंटी को सिंघम स्टाइल में पकड़ने गए थे दरोगा प्रिंस

मिली जानकारी के अनुसार, माल थाने में तैनात दरोगा प्रिंस बालियान सोमवार देर रात मुखबिर की सूचना के आधार पर विशाल नाम के गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पकड़ने के लिए सिंघम स्टाइल में रघुनाथपुर गांव में पहुंच गए। बताया जाता है कि इस दौरान आरोपी विशाल और उसके परिजनों की ओर से दरोगा से कहासुनी करते हुए मारपीट शुरू कर दी गई। देखते ही देखते परिजनों ने दरोगा पर हमला बोल दिया, जिससे दरोगा को मामूली चोटे भी आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी विशाल मौके से फरार हो गया।

### पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

आरोपी व उसके परिजनों की ओर से हुए हमले में घायल हुए दरोगा ने अस्पताल में अपना प्राथमिक उपचार कराया, जिसके बाद माल थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए आरोपी विशाल व उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। बताया जाता है कि आरोपी विशाल घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। आपको बता दे कि दरोगा प्रिंस बालियान के साथ हुई मारपीट कोई नई घटना नहीं है, इससे पहले भी आरोपियों की धडपकड के दौरान दरोगा प्रिंस बालियान के साथ कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे जुड़े अनेकों वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

## महिला ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पूरब गाँव की रहने वाली सपना ने अपने पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी 30 मार्च 2022 को आर्य समाज मंदिर, हर्ष विहार, पुरनिया में गोसाईं गंज स्थित सदर पुर करोरा निवासी अमित कुमार पुत्र स्व. बराती लाल से हुई थी। शादी पर परिवार वालों ने करीब चार लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही सास माया देवी और देवर आशीष उस पर नकदी व अपाचे मोटरसाइकिल की मांग को लेकर दबाव बनाने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति अमित कुमार शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करता था। 10 मई 2023 को आरोपियों ने उसे और उसके पुत्र को घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। सपना का कहना है कि 26 जनवरी 2025 को शाम करीब 5 बजे उसका पति अमित तीन-चार अज्ञात लोगों के साथ मायके पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसे थप्पड़ मारकर जान से मारने की धमकी दी। परिवार वालों के आने पर आरोपी भाग निकले। घटना से सहमी पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी

### छोटे किसानों को मिलेगी प्राथमिकता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पेराई सत्र-2025-26 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी गई है। इस बार गन्ना समिति के नये किसान सदस्यों को सट्टा पेराई सत्र 2024-25 में संबंधित चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति या संबंधित जिले की गन्ना उत्पादकता का 70 प्रतिशत में जो भी अधिक होगा, उसकी सीमा तक गन्ना सट्टा का लाभ दिया जाएगा। नीति में छोटे किसानों और लघु महिला किसानों को भी प्राथमिकता दी गई है। छोटे गन्ना किसानों (81 क्विंटल सट्टाधारक) की पेड़ी गन्ने की पर्चियां एक से तीन पक्ष में और पौधे गन्ने की पर्चियां सात से नौ पक्ष में जारी करने की सुविधा दी गई है। वहीं अति लघु गन्ना किसानों (36 क्विंटल या चार पर्ची बेसिक मोड) और लघु महिला गन्ना किसान (81 क्विंटल या नौ पर्ची बेसिक मोड) को पेड़ी पौधा को 52:48 के अनुपात से मुक्त रखते हुए अति लघु गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत पेड़ी गन्ने की पर्चियां प्रथम पक्ष में व पौधे गन्ने की पर्चियां सातवें पक्ष में, जबकि लघु महिला गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत पेड़ी गन्ने की पर्चियां एक से तीन पक्ष में व पौधे गन्ना की पर्चियां सात से नौ पक्ष में जारी की जाएंगी। इससे 13.12 लाख छोटे गन्ना किसानों, 3.75 लाख अति लघु गन्ना किसानों व 6,268 लघु महिला गन्ना किसानों के लाभांवित होने का अनुमान है। गन्ना आयुक्त मिनस्ती एस. ने बताया कि गन्ना शोध परिषद की ओर से जारी गन्ना किस्म को.15023 की परिपक्वता के हिसाब से अतिशीघ्र मानते हुए गन्ने की कैलेंडरिंग में प्राथमिकता दी गई है। इसकी पेड़ी की पर्चियां एक से दो पक्ष में और पौधे की पर्चियां सात से आठ पक्ष में अंकित की जाएंगी। इससके चीनी मिलों के चीनी परता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों को शीघ्र गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। वहीं पेड़ी या शरदकालीन पौधे वाले नये समिति सदस्यों की पर्चियां पहली बार पांचवें पक्ष से 12वें पक्ष में लगाए जाने की सुविधा मिलेगी। जिनके पास पौधा गन्ना है, उनकी पर्चियां पिछले वर्ष की तरह सातवें पक्ष से लगेगीं। वर्तमान में पेराई सत्र 2025-26 के लिए जारी सट्टा नीति के तहत गन्ना किसानों को सामान्यतः कैलेंडर के किसी एक कालम में अधिकतम बेसिक मोड की चार पर्चियां ही अंकित की जाएंगी, लेकिन 2,500 क्विंटल या उससे अधिक बेसिक सट्टा धारक किसान के एक कालम में अधिकतम आठ पर्चियां अंकित की जा सकती हैं।



## प्लाट विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमावा में सोमवार सुबह एक प्लाट विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कन्नौज निवासी रामदत्त का कहना है कि ग्राम अमावा स्थित गाटा संख्या 968 की भूमि में उसका हिस्सा है और उसी पर बाउंड्रीवाल बनी हुई है। आरोप है कि पड़ोसी सलीम उर्फ वसीम, शमीम, शरीफ अहमद व अन्य परिजनों ने चार-पाँच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर बाउंड्रीवाल तोड़ डाली। रोकने पर गाली-गलौज करते हुए हमला किया गया और सलीम की पत्नी ने डंडा मारकर उसके पैर में चोट पहुँचाई। रामदत्त का कहना है कि उसने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसके बाद 112 पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन हमलावरों ने बाद में फिर से बाउंड्रीवाल गिरा दी और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरी ओर से चक-अमावा की तहरुन्निशा पत्नी वसीम ने आरोप लगाया है कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब वह दुकान पर थी, तभी वहाँ रामदत्त यादव उसकी जमीन पर अवैध रूप से बाउंड्रीवाल बनवा रहे थे। पीड़िता का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज की और बाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने खुद को चोटें आने की भी बात कही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### एक माह से युवक लापता परिजन परेशान

पुरवा, उन्नाव। थाना सोहरामऊ अंतर्गत गांव सहरावां से बहन के घर जाने के लिए निकले युवक का पता न चलने पर पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी युवक का पता न चलने से परिजन परेशान हैं। शिवप्रताप सिंह पुत्र मुन्नी सिंह निवासी ग्राम सहरावां थाना सोहरामऊ ने बताया कि उसका बेटा अभय प्रताप सिंह उम्र 21 वर्ष बीते 4 अगस्त की दोपहर एक बजे अपनी बहन के गांव मढ़ियामऊ के लिए घर से निकला था। जब वह काफी समय बीत जाने के बाद बहन के घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ भी अता-पता नहीं मिला। थक-हारकर उसने 7 अगस्त को थाना सोहरामऊ में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी अब तक उसके पुत्र का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि वह चेकदार सफेद नीला शर्ट, काली पैंट व पैर में जूते पहनकर निकला था। उसका रंग सावला, चेहरा लम्बा व नाक-कान-आंख औसत थे। परिजन अभी तक पुत्र की वापसी की आस लगाए बैठे हैं।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र में गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर ने लोगो को चिंताएं बढ़ा दी है। मुख्य रूप से जयराजमऊ के मजरे सीताराम खेड़ा , पसनिया खेड़ा तथा गढ़ेवा में गंगा के जलस्तर काफी बढ़ गया है। मंगलवार दोपहर एसडीएम रणवीर सिंह बाढ़ संभावित स्थलों पर पहुँचे। वहां स्थानीय लोगो से बातचीत कर सतर्क व सुरक्षित स्थल पर रहने को कहा। राहत शिविर तथा मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की । राहत शिविरो का हाल मुआयना किया। ग्राम प्रधान लल्लन सिंह ने बताया कि उन्होंने निजी स्तर पर एक नौका की व्यवस्था की है। एसडीएम बाढ़ राहत केंद्र में मौजूद लोगों से बताया कि आवागमन के लिए दो नावों का संचालन कराया जा रहा है। जयराजमऊ के दोनों मजरो पसनियाखेड़ा, सीताराम खेड़ा तथा गढ़ेवा के सभी पीड़ित लोगों को राशन सामग्री मुहैया कराई गई है उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से कहा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। मौके पर मौजूद लेखपाल से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट देने को कहा।

### गंगा नदी का बढ़ रहा जलस्तर कटरीवासी बाढ़ की चिंता से भयभीत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। लगातार हो रही बरसात और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण एक बार फिर गंगा का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है जिससे कटरी वासियों को बाढ़ की चिन्ता सताने लगी है। पिछले कुछ दिनों में बढ़ा गंगा का जल स्तर कम होने लगा था। लेकिन बीते दो दिनों से हो रही बरसात ने फिर पानी बढ़ा दिया है। इसके साथ ही काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग पर हिंदूपुर गांव के पास हो रहे कटान से आवागमन में बाधा आ रही है। यद्यपि भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जा चुका फिर भी वाहनों के आवागमन से कटान के कारण जोखिम बढ़ जाता है। कटान रोकने के लिए और मार्ग को सही रखने के लिए कार्य किया जा रहा है। मिट्टी डालकर बोरियां लगाकर कटान रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। पानी बढ़ने से क्षेत्र के गांव धन्ना पुरवा, मन्ना नगर, चिरंजू पुरवा, चौगवा, रुस्तमपुर, अर्जुन पुर, लोकइया पुरवा आदि गांवों के पास पानी फिर पहुंचना शुरू हो गया है।

## नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान की शुरूआत




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस प्रशासन ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट पहने कोई भी दोपहिया वाहन चालक पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं भरवा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियम का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमों को पेट्रोल पंपों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है ।जिले में अक्सर दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के सड़क पर निकलते हैं। इससे दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट का खतरा बढ़ जाता है। एसपी दीपक भूकर के अनुसार हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं है। यह जीवन बचाने का जरिया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना सुनिश्चित करें। उन्नाव पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार काम कर रही है। आने वाले दिनों में और भी सुरक्षा अभियान चलाए जाएंगे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक को जमकर पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अभिवादन करने के बाद पुरानी खुन्नस के चलते युवक की जमकर किया पिटाई शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया ।कोतवाली क्षेत्र के गांव बसनोहा के राम नरेश गौतम पुत्र स्व मंगल प्रसाद के बीते रविवार की रात गांव के ही दीपू से राम राम किया अभिवादन करते ही उक्त व्यक्ति जाति सूचक गालियां देकर हाथ पैर तोड़ने की धमकी देने लगा ।विरोध करते ही हाथ में लिये डण्डें व लात घूसों से पीटने लगा। शोरगुल सुनकर लोगों को आता देख कहीं शिकायत करने पर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया ।जिससे उसके शरीर पर काफी चोटें आई हैं। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया पीड़ित के शिकायती पत्र पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है

## बाढ़ प्रभावित रहे इलाकों में एंटी लार्वा, ब्लीचिंग व चूने का हुआ छिड़काव

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज,उन्नाव। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पानी निकल जाने के बाद, मच्छरों और संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के लिए नगर पालिका गंगाघाट सक्रिय रूप से एंटी- लार्वा छिड़काव और चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य बीमारियों को रोकना है, जैसे कि डेंगू और मलेरिया। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पालिका प्रतिदिन वार्डों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि लोग बीमारियों की चपेट में न आ सकें। नपा गंगाघाट स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अनूप शुक्ल ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पानी निकल जाने के बाद, नियमित सफाई एंटी- लार्वा छिड़काव और चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा हैं। इसके अलावा अन्य वार्डो में भी छिड़काव कराया गया है।

## यातायात नियमों का दिखा असर सड़क हादसों में हुई कमी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस प्रशासन ने सड़क हादसों को रोकने के लिए अगस्त माह में विशेष अभियान चलाया। यह अभियान 1 से 31 अगस्त तक सख्ती के साथ चला। नेशनल हाईवे-27 पर हादसों में उल्लेखनीय कमी आई। आंकड़ों के मुताबिक अन्य महीनों की तुलना में करीब 50 प्रतिशत तक हादसे कम हुए। पुलिस ने हाईवे पर 16 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए। इन जगहों पर उन्नाव के साथ बाहरी जिलों से भी अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए गए। लगातार गश्त और निगरानी से लोग यातायात नियमों का पालन करने लगे। एसपी दीपक भूकर के निर्देश में चले इस अभियान में दोपहिया वाहन चालकों पर विशेष ध्यान दिया गया। हेलमेट के बिना बाइक चलाने वालों का चालान काटा गया। पुलिस ने उन्हें सुरक्षा के बारे में जागरूक भी किया ।तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई हुई। ओवरलोड और बिना फिटनेस वाले वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया। कई वाहन सीज भी किए गए। यातायात पुलिस ने पंपलेट और घोषणाओं से लोगों को नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस के अनुसार सड़क हादसों का मुख्य कारण लोगों की लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। यातायात नियमों का पालन करने से हादसों को रोका जा सकता है। इस सफल अभियान से उत्साहित पुलिस प्रशासन आगे भी ऐसे अभियान चलाएगा। इस अभियान की सफलता से यह साफ है कि जागरूकता और सख्ती, दोनों मिलकर सड़क सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं। यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह से प्रयास जारी रहे तो उन्नाव ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में सड़क हादसों की संख्या में भारी कमी देखी जा सकेगी।

## मां की डॉट से नाराज किशोर ट्रेन में बैठकर पानीपत से पहुंचा उन्नाव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक 8 साल का बच्चा अकेला घूमता मिला। रेलवे सुरक्षा बल ने चेकिंग के दौरान उसे पकड़ा। बच्चे की पहचान हरियाणा के पानीपत के हम्मापुर निवासी राकेश के बेटे दिनेश के रूप में हुई। दिनेश सोमवार दोपहर को मां की डांट से नाराज होकर घर से निकल गया। वह बिना किसी को बताए ट्रेन में बैठकर सीधे उन्नाव पहुंच गया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे आरपीएफ ने स्टेशन पर उसे देखा। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह पानीपत से ट्रेन में आया है। आरपीएफ ने तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया। हेल्पलाइन की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बच्चे को अपनी देखरेख में लिया। बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जांच में पता चला कि वह पूरी तरह सुरक्षित है। चाइल्ड हेल्पलाइन ने बच्चे के परिवार से संपर्क कर लिया है। जल्द ही उसे सुरक्षित तरीके से घर भेजा जाएगा। आरपीएफ की सतर्कता से किसी अप्रिय घटना से बचा जा सका। बच्चे ने बताया कि वह कक्षा 3 का छात्र है। मां मुझे डांटती थी इसलिए घर से भाग आया था। मेरे दोस्त ने मुझे ट्रेन पर बिठाया था।

## निर्वाचन के संबंध में एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम ने तीनो विकास खण्डों के एडीओ/ प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन के संबंध में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया। मंगलवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने असोहा, पुरवा व हिलौली के एडीओ/प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन संबंधी अहम मुद्दे पर बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बीएलओ की सूची प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि प्रतिदिन प्रत्येक बीएलओ से सूचना लें कि कुल कितने मकान है, कितने मकान का सर्वे हुआ ? दोहरे मतदाता की रिपोर्ट करें ।कोई मकान न छूटे। यदि कोई बीएलओ कार्य न कर रहा हो तो इसकी रिपोर्ट करें। एसडीएम ने कहा कि वोटर लिस्ट जितनी शुद्ध होगी, चुनाव उतना ही निष्पक्ष होगा। बैठक में हिलौली एडीओ के देर से पहुंचने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी



प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा की निर्वाचन आयोग की मंशानुसार विशुद्व वोटर लिस्ट तैयार कराना उनकी प्राथमिकता है।

## खड़े कंटेनर में पीछे से कंटेनर ने मारी टक्कर, परिचालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। डीजल खत्म होने से एक्सप्रेसवें पर खड़े कंटेनर में पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से एक खलासी की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। जिसे बांगरमऊ सीएचसी से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया ।चालक अनीस पुत्र अकबर निवासी देहाना जनपद नूह हरियाणा कंटेनर में प्लाई लादकर सीतामढ़ी बिहार से हरियाणा जा रहा था। तभी उसमें डीजल खत्म हो गया। जिससे मंगलवार को तड़के करीब 4 बजे चालक ने बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव शादीपुर के निकट कंटेनर मार्ग किनारे खड़ा कर दिया। डीजल खत्म होने पर खड़े कंटेनर में पीछे से टकराया दूसरा कंटेनर चालक डीजल लाने की व्यवस्था में जुट गया। तभी खलासी सरफराज (24) पुत्र उमर निवासी गांव कुलडेहरा थाना फिरोजपुर जनपद नूहु हरियाणा तथा साथ जा रहे जैद (21) पुत्र सहीद निवासी गोकुलपुर थाना पुनहाना जनपद नूहु हरियाणा दोनों साथी कंटेनर से नीचे उतरकर पास ही खड़े थे। इस दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार दूसरा कंटेनर पीछे से भिड़ गया। इस हादसे की चपेट में आकर सरफराज व जैद दोनों लहूलुहान हो गए ।घटना की सूचना पर यूपीडा टीम के सहयोग से दोनों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने 24 वर्षीय सरफराज को मृत घोषित कर दिया। जबकि साथी जैद को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दोनों वाहनों को एक्सप्रेसवें से हटवाया उधर एक्सप्रेसवें पर छतिग्रस्त दोनों वाहनों को यूपीडा रेस्क्यू टीम ने क्रेन की मदद से घटना स्थल से हटवाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया है कि एक्सप्रेसवें पर हुई घटना में एक खलासी की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर अन्तर्गत दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया। थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर अपनी नाबालिक पुत्री के साथ रेप का मामला पंजीकृत कराया था। विवेचना दौरान पीड़िता द्वारा न्यायिक बयान कराने के बाद अभियुक्त पर रेप तथा पाक्सो की धाराएं बढ़ा दी गई थी। मामले में सुलह का दबाव बनाने के लिए क्षेत्र में आने की सूचना पर आरोपित राकेश उर्फ शुभम पुत्र राजेश उम्र 18 साल निवासी कंजाखेड़ा मजरा पीपर खेड़ा थाना गंगाघाट को क्षेत्र में आने की सूचना पर उप निरीक्षक राम प्रताप सिंह व सिपाही प्रमोद कुमार ने निहालीखेड़ा तिराहा से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## छेड़छाड़ बलात्कार जैसे मामले मे अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए पहुंची महिलाएं थाने



अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। स्थानीय मौरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत असरेंदा गांव की निवासी महिलाओं ने थाने आकर पूर्व मे लिखे गये छेड़छाड़ बलात्कार जैसे मामले में मुलजिमों को गिरफ्तार करने की मांग की। बताते चले की रोसनी कालपनिक पुत्री कल्लू ने गांव के ही सचिन पुत्र राकेश अरुण पुत्र चंद्रप्रकाश पर गलत नियत से सौच क्रिया करते समय छेड़छाड़ और गुप्तांग मे छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद पीडिता के घर पर चढकर मारपीट और गाली गलौज भी किया था जिसका मुकदमा थाना मौरावां मे 26/8/2025को दर्ज किया गया था उसी मुकदमे में अभियुक्तो की गिरफ्तारी को लेकर आज फिर महिलाओं ने मौरावां थाने मे आकर अभियुक्तो को गिरफ्तार करने की मांग की वहीं महिलाओं ने बताया कि उक्त अभियुक्त ग्राम प्रधान को भी साजिश बता रहे है जबकि मेरा ग्राम प्रधान से कोई मतलब नहीं है।

## पांच दिवसीय एफएलएन कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम नसिरा पुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में आज मंगलवार को शिक्षक क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय एफ एल एन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों को खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिंह ने कहा निपुण भारत मिशन एवं एनसीएफ के लक्ष्यों के अनुरूप छात्र-छात्राओं के अधिगम संप्राप्ति हेतु शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए एफ एल एन प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम है। ए आर पी राजकुमार द्विवेदी ने संशोधित निपुण तालिका, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग व प्रगति अंकन प्रपत्र के बारे में विस्तृत चर्चा की ।ए आर पी अनुज कुमार विश्वकर्मा ने बच्चो के लिए खेल खेल में सीखने वाली विभिन्न गतिविधियों का शिक्षण में प्रयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण प्रभारी सुरुचि श्रीवास्तव ने कहा मैं करूं ,हम मिलकर करें और तुम स्वयं करो की सीखने की प्रक्रिया के माध्यम से सभी बच्चों को बुनियादी भाषा एवं गणित में निपुण करना है। इस अवसर पर सुरुचि श्रीवास्तव ,पुत्तन लाल वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, अरुण कुमार, रमेश कुमार ,अभिषेक तिवारी ,राजरानी, अनुराधा तिवारी, इशरत अली, रावेंद्र कुमार, अनुज कुमार,कविता कटियार ,बृजेश कुमार ,नीति कुमारी व सुधा यादव सहित करीब आधा सैकड़ा प्रतिभागी शिक्षक शामिल रहे।

## किसानों की लाइन लगवाकर थाना प्रभारी ने बंटवाई खाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए डटे सैकड़ो किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मोर्चा संभाला जहाँ खाद लेने के लिए उग्र किसानों को लाइन में बैठा कर सचिव को खाद बितरण कराने में भूमिका निभाई। इसके पहले जैसे ही सचिव ने खाद बितरण के लिए समिति पर पहुँचे की उमड़ी किसानों की भीड़ समिति के प्रांगण में जमा हो गई। जहाँ हो हंगामा देख कर सचिव के पसीना छूट गया । हालत बिगड़ते देख कर समिति का ताला बंद कर थाने पहुँचे जहाँ इंस्पेक्टर से खाद बितरण कराने में सहयोग मांगा तब जाकर शांति पूर्ण तरीके से पूरे दिन खाद का बितरण हो पाया इसके बावजूद सैकड़ो किसान अभी भी खाद से वंचित रहे ।प्राइवेट दुकानों पर ऊंचे रेट के साथ यूरिया खाद व सल्फर दी जा रही है। जिसके कारण समितियों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। समिति पर तीन बजे गेट के बाहर खड़ी उग्र भीड़ फिर बेकाबू होकर बंद गेट को खोल कर सैकड़ो की संख्या में भरभराकर घुस गई। जिससे वहाँ अफरा तफरी मच गई।

## जलस्तर में हुई बढ़ोत्तरी घरों व खेतों की ओर घुस रहा पानी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण तटीय इलाकों में स्थिति चिंताजनक हो गई है। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, रविवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 112.570 मीटर था। सोमवार शाम तक यह बढ़कर 112.640 मीटर हो गया। मंगलवार सुबह जलस्तर 112.720 मीटर पर पहुंच गया। कई निचले इलाकों में पानी घुस चुका है बाढ़ का पानी एक बार फिर घरों और खेतों की तरफ बढ़ रहा है। कई निचले इलाकों में पानी घुस चुका है। लोग पशुधन और जरूरी सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। कई परिवार ऊंचे स्थानों या रिश्तेदारों के घरों में शरण ले चुके हैं। प्रशासन हालात पर नजर रख रहा है। राजस्व और बाढ़ खंड के अधिकारी प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं। आपात स्थिति के लिए नावें तैयार रखी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर दी गई हैं।



## ईद मिलादुन्नबी पर जलसे का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गोल कुआं स्थित हुसैनी मस्जिद में बीती रात ईद मिलादुन्नबी पर जलसे का आयोजन किया गया । जलसे में मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलकर अच्छा और नेक इंसान बनने की अपील की गई जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद जीशान ने कहा कि अल्लाह पाक ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को पूरी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजा। मोहम्मद साहब ने जो धर्म , शिक्षाऔर मानवता का सन्देश दिया , वह पूरी तरह से दया, करुणा और प्रेम पर आधारित है। मौलाना ने बताया कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया कि तुम में से कोई उस वक्त तक मोमिन नहीं हो सकता जब तक कि वो अपनी जान, अपने माल, अपनी औलाद, अपने मां-बाप से ज्यादा मुझसे मोहब्बत करने वाला न हो जाये। उन्होंने बताया कि हर इंसान को दुनिया में और आखिरत में भी मोहम्मद साहब की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि मोहम्मद साहब ही अपनी उम्मत को बख्शवाएंगे। इसलिए नबी के रास्ते पर चलकर हमें नेक , परहेजगार व अच्छा इंसान बनना चाहिए। जलसे में हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जियाउल हक व हाफिज युसूफ मलिक, फजलुर्रहमान, अब्दुल कादिर रहमती आदि ने नाते पाक पेश की। जिसे सुनकर पूरा मजमा झूम उठा। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद आसिफ, हाफिज मोहम्मद गुलफाम, हबीबुलरहमान , आशिक अली, जान मोहम्मद, अजीजुर्रहमान आदिल, चाँद, नईमुल्लाह, जियाउर्रहमान, हफीजुर्रहमान, मोहम्मद अशफाक, नुसरत अली, शमशाद हाशमी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कुत्ते के साथ क्रूरता करने वाले युवक पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बशीरतगंज गांव में एक पिता द्वारा कुत्ते के साथ की गई क्रूरता का मामला सामने आया है। घटना बीते रविवार की है। वीरेंद्र के 8 वर्षीय बेटे को एक आवारा कुत्ते ने पेट में काट लिया। बच्चे को बचाने गए पिता पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया। इसके बाद गुस्से में आए वीरेंद्र ने कुत्ते को पकड़कर उसका जबड़ा फाड़ने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया। किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो दो हिस्सों में है - एक 20 सेकेंड और दूसरा 53 सेकेंड का। दोनों में कुत्ते के साथ की गई क्रूरता साफ दिखाई दे रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हनुमंत जीव आश्रम सेवा संस्थान को जानकारी दी। संस्थान के कार्यकताओं ने घायल कुत्ते को उपचार के लिए ले गया। लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान कुत्ते की मौत हो गई। संस्थान में कार्यरत कानपुर निवासी अनिकेत ने दही थाना में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि वीरेंद्र पुत्र जगन्नाथ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**भारत ने अमेरिकन टैरिफ की धौंस के समक्ष झुकने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही कारण है कि अमेरिकी वित्तमंत्री के स्वर भारत के प्रति बदलने लगे हैं। शुरुआत में भारत ने टैरिफ पर नरम रुख अपनाया था। यही कारण रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के खिलाफ एक भी सख्त शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए। टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका द्वारा कुतर्क पेश किया गया कि भारत बड़ी मात्रा में तेल खरीदकर यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। ट्रंप के इस बेबुनियाद आरोप के उत्तर में भारत ने कहा कि रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप ज्यादा कर रहे हैं। अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों दोहरा मानदंड अपनाया जा रहा है, लेकिन अमेरिका अपने आरोप पर अड़ा रहा और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया। अब जबकि भारत ने इससे निपटने की तैयारी कर ली है तो इसे विश्व बिरादरी में अमेरिका को झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत के इसी जवाब का विश्लेषण करता है आजकल का यह विशेष अंक...**

# टैरिफ का माकूल जवाब देगा भारत



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।**

आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद कर ही दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ आयद किया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया गया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। जिस दिन 27 अगस्त को प्रातः साढ़े नौ बजे भारत पर अमेरिकन टैरिफ बाकायदा अंजाम दे दिया गया, उसी दिन अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट का एक बयान सामने आया, जिसमें उन्होने फरमाया कि अमेरिका और भारत के परस्पर ताल्लुकात भले ही आजकल अत्यंत जटिल और तनावपूर्ण हालात में पहुंच गए हैं, किंतु निकट भविष्य में दोनों देशों के मध्य व्यापार समझौते की गुंजाइश निरंतर कायम बनी हुई है। स्कॉट बेसेंट भारत के विरुद्ध पचास प्रतिशत यहां तक कि सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने के प्रबल हिमायती रहे हैं। अमेरिका के वित्तमंत्री द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को विस्मयकारी तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का युद्ध करार दे दिया गया है।

समस्त विश्व बखूबी जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की धरती पर खड़े होकर और राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष तकरीर की थी और उस तक़रीर में मोदी ने फरमाया था कि आज का दौर युद्ध का दौर कदाचित नहीं है, वरन् यह दौर तो शांति, स्थिरता और तरक्की का दौर है।

## अमेरिकी वित्तमंत्री के परिवर्तित स्वर

अब क्योंकि भारत सरकार ने अमेरिकन टैरिफ की नाजायज धौंस और दबाव के समक्ष झुकने से एकदम स्पष्ट इनकार कर दिया है और टैरिफ के जटिल प्रश्न पर अमेरिका के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार कर लिया है तो फिर अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट के स्वर भारत के प्रति परिवर्तित होने लगे हैं। प्रारम्भ में भारत ने टैरिफ प्रकरण पर अपेक्षाकृत नरम अंदाज अपनाया था। ट्रंप द्वारा अंजाम दिए जा रहे भारत विरोधी टैरिफ आक्रमण के बावजूद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के बरखिलाफ एक भी सख्त अल्फाज का इस्तेमाल नहीं किया है। भारत के भरोसेमंद कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए हैं। भारत पर टैरिफ आयद करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायः कुतर्क पेश किया गया कि भारत द्वारा रूस से बहुत बड़ी मात्रा में तेल खरीद कर, भारत वस्तुतः यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध संचालित करने में रूस की आर्थिक इमदाद कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बेबुनियाद इल्जाम के प्रतिउत्तर में भारत ने कहा कि भारत से कहीं अधिक रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप के देश कर रहें हैं और अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों अन्यायपूर्ण तौर पर दोहरा मानदंड अख्तियार करके अमेरिका द्वारा भारत के विरुद्ध ही टैरिफ आक्रमण अंजाम दिया जा रहा है।




## भारत ने की व्यापार वार्ता स्थगित

भारत और अमेरिका के मध्य विगत महीनों से जारी रही व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने की खातिर 25 अगस्त को अमेरिकन वार्ताकारों के एक दल का भारत आगमन निश्चित हुआ था। किंतु 6 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद करने के ऐलान के बाद भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को भारत द्वारा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिका राष्ट्रपति ने संयुक्त बयान में कहा था कि दोनों देशों द्वारा व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। व्यापार वार्ता के दौरान अमेरिकन प्रशासन चाहता था कि अमेरिका के एग्रीकल्चर, डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए और मिड साइज कारों के लिए भारत को अपना बाजार अमेरिका के लिए खोल देना चाहिए। व्यापार समझौता वार्ता में अमेरिका की इस पेशकश को स्वीकार करने के लिए भारत कदाचित तैयार नहीं हुआ। भारतीय प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि भारत सरकार अपने किसानों के हितों की हिफाजत हर कीमत पर करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी टैरिफ वार का जबरदस्त विरोध अमेरिका की सरजमीन पर ही होने लगा है। अमेरिकी हुकूमत में सत्तासीन रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ लीडर निकी हैली ने निरंतर बिगड़ते हुए भारत अमेरिकी संबंधों पर अपनी गहन चिंता का इजहार किया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना

निकी हैली ने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन को यह बात समझ लेनी चाहिए कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत जैसे मित्र की अमेरिका को अत्यंत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है निकी हेली राष्ट्रपति ट्रंप की कटु आलोचक रही हैं। सन् 2021 में कैपिटल हिल में अंजाम दी गई हिंसात्मक वारदातों को लेकर उन्होंने सार्वजनिक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की थी और कहा था कि हमें यह बात तस्लीम करनी चाहिए कि ट्रंप ने अमेरिका को सारी दुनिया में शर्मिंदा किया है। सन् 2024 में निकी हेली रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदार थी, किंतु अपनी स्थिति को कमजोर भांपकर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर दिया था। पांच दफा सीनेटर रहे अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने भी फरमाया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की नकारात्मक नीतियों के कारण अमेरिका के निकट सहयोगी देश उससे दूर होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना की गई। भारत के समर्थन और डोनाल्ड ट्रंप के विरोध करने का परिणाम जॉन बोल्टन को एफबीआई के हाथों भुगतना पड़ा है। अमेरिका में विदेश नीति के प्रमुख जानकार यह स्वीकार करते हैं कि अमेरिका और भारत के बीच बढ़ रही दूरियां वस्तुतः दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की ओर इशारा कर रही हैं। प्रख्यात अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड वुल्फ का कहना है कि अमेरिका भारत पर अत्याधिक टैरिफ आयद करके वस्तुतः अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

रिचर्ड वुल्फ आगे फरमाते हैं कि आखिरकार भारत दुनिया में अपने सामान के लिए बाजार खोज ही लेगा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंजाम दी जा रही भारत विरोधी टैरिफ वार यकीनन भारत और चीन को दोस्त तथा भारत और अमेरिका को शत्रु बना देगी। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के कारणवश भारत को फिलहाल तकरीबन 50 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। अमेरिकी टैरिफ का सबसे अधिक नुकसान भारत में निर्मित वस्त्रों, चमड़े के सामान, हैंडी क्राफ्ट, झींगा आदि अनेक उद्योगों को झेलना पड़ सकता है। एक अनुमान के मुताबिक निकट भविष्य में भारतीय जीडीपी में सालाना लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से अंजाम दी जाने वाली निर्यात क्षति को रोकने की खातिर भारत सरकार व्यापारिक और कूटनीतिक तौर पर विश्व के 40 से अधिक देशों के साथ निकट संपर्क स्थापित किए हुए हैं, ताकि अमेरिका को निर्यात घट जाने की स्थिति का समुचित तौर पर मुकाबला किया जा सके। इन देशों में खासतौर पर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, साउथ कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड आदि अनेक देश शामिल हैं। भारत द्वारा चिन्हित किए गए चालीस से अधिक देशों में तकरीबन 590 अरब डॉलर के वस्त्रों को आयात किया जाता हैं। इन समस्त देश में अभी तक कुल मिलाकर भारत से केवल 6 फ़ीसदी वस्त्रों का निर्यात होता है।

## विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां तेज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी टैरिफ वार के विकट दौर में विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां भी बहुत तेज हो गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय जापान यात्रा पर गए हैं और इस यात्रा के बाद वह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जापान दौरे में उल्लेखनीय घटना हुई, जबकि जापान के व्यापार और वाणिज्य मंत्री मोइली मियाजावा जिन्हें कि अमेरिका यात्रा पर रवाना होना था, उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा स्थगित की और नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए जापान में ही रुक गए। सर्वविदित है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जापान का असीम योगदान रहा। इंडियन नेशनल आर्मी को खड़ा करने और उसको सैन्य सहयोग करने के लिए भारत सदैव ही जापान का शुक्रिया अदा करेगा। आजकल क्वाड रणनीतिक मोर्चे में भी भारत के साथ जापान शामिल है। भारत के साथ जापान का व्यापार तकरीबन 22 बीलियन डॉलर का है। जापान में भारतीय निर्यात की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक मंच साझा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन रहकर भी अमेरिका को सख्त पैगाम पेश करना चाहते हैं। समस्त यूरोप में अफवाह फैली हुई है कि चार दफा नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टेलीफोन कॉल लेने से इनकार कर दिया गया। इस अफवाह को जर्मनी और फ्रांस के अखबारों ने छाप भी दिया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अतः राष्ट्रपति ट्रंप की टेलीफोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कदापि अस्वीकार नहीं करेंगे। विगत 25 वर्षों की गहन और गंभीर कूटनीतिक और राजनीतिक सूझबूझ से अमेरिका-भारत संबंधों को ताकतवर बनाया जा सका है। राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी प्रशासन परस्पर संबंधों में कोई भी विध्वंस अंजाम दें, भारत अपनी तरफ से दोनो देशों के परस्पर ताल्लुकात को शक्तिशाली बनाने के प्रयास करता रहेगा। पं. नेहरु के काल से भारत की परम्परागत विदेश नीति नॉन एलाइन्मेंट की रही, किंतु आजकल मल्टी एलाइन्मेंट की विदेश नीति पर भारत अपना रणनीतिक और कूटनीतिक भरोसा जता रहा है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में राष्ट्रपति पुतिन के पधारने की भी पूरी उम्मीद है। वैसे तो शंघाई सहयोग संगठन का भारत एक प्रमुख सदस्य देश है, किंतु अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।

# ट्रंप को जवाब देती भारत की अर्थव्यवस्था



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश उसके सामने झुकते हुए अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमेरिका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए हैं और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है।

29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है।

## निर्यातकों के सामने चुनौतियां

चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमेरिकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## भारत की घरेलू मांग मजबूत

इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण अमेरिका के द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए




निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटी) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमेरिका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमेरिका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टैलेंट दुनिया को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमेरिकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत के द्वारा कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## स्वदेशी कारोबार को प्रोत्साहन

अब नई रणनीति के तहत घरेलू खपत बढ़ाने हेतु स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना जरूरी होगा । साथ ही पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

# चीन के प्रति अतिविश्वास चूक तो नहीं



कूटनीति
डॉ. एनके सोमानी
वरिष्ठ स्तंभकार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा फाइनल हो गया है। कहने को तो वे शंघाई सहयोग संघ (एससीओ) की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए तिआनजिन गए हैं लेकिन मीडिया में जिस तरह से मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर से जोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कुटनीतिक तौर पर प्रधानमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य बहुत गहरा है। समिट से इतर प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। रूस भी एससीओ का सदस्य है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी समिट में भाग लेने के लिए चीन आएंगे। संभावना इस बात की भी है कि जिनपिंग के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो।

निकट भविष्य में पुतिन के भारत दौरे को देखते हुए मोदी-पुतिन वार्ता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि मोदी-जिनपिंग-पुतिन वार्ता की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन टैरिफ टेरर के कारण भारत, चीन और रूस की अर्थव्यवस्थाओं में जो विचलन की स्थिति है उसे देखते हुए जिस गर्मजोशी से तीनों नेता हाथ मिलाते दिख रहे हैं, उसमें बहुत संभव है कि एससीओ कूटनीतिक लाभ लेने का बड़ा मंच बनता हुआ दिखाई दे।

## सीमा विवाद बड़ी फांस

प्रधानमंत्री के बीजिंग दौरे से पहले चीन ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की भरसक कोशिश की है। चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों का समाधान किया गया। कोविड-19 महामारी के बाद से निलंबित सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने व वीजा प्रक्रिया को सुगम बनाने के अलावा लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रा के माध्यम से सीमा को व्यापार के लिए खोलने पर सहमति वांग की भारत यात्रा के दौरान हुई। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिमालयी सीमा पर तैनात सैनिकों को पीछे हटाने और सीमांकन जैसे जटिल मुद्दों पर भी वार्ता हुई। बैठक में सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक कार्य समूह बनाने का फैसला हुआ। समूह दोनों देशों के बीच सीमा मामलों में सलाह और परामर्श देने का काम करेगा। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान तिब्बत में यारलुंग जंगबो (ब्रह्मपुत्र) नदी पर चीन द्वारा बनाए जा रहे विशाल बांधों का मुद्दा भी उठा। इस पर चीनी विदेशमंत्री ने जल-विज्ञान संबंधी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई। लब्बोलुआब यह कि साल 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक सैन्य टकराव से जहां दोनों देशों के संबंध 1962 के बाद सबसे निचले स्तर पर चले गए थे, वांग के भारत दौरे से उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई। चीन की कोशिशें एक तरफा नहीं थी। भारत ने भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग किया।

## पिघल रही रिश्तों में जमी बर्फ

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेशमंत्री



एस जयशंकर की चीन की यात्राओं के बाद संबंधों पर जमी बर्फ पिघलती दिखी। परस्पर यात्राओं और द्विपक्षीय संवाद के जरिए जिस तरह से दोनों देशों ने सीमा विवाद को बाकी के मामलों से अलग रख कर आगे बढ़ने का वादा किया है जाहिर है संबंधों के लिहाज से यह काफी अहम है। लेकिन भारत-चीन संबंधों के इतिहास को देखते हुए कूटनीतिक हल्कों में आशंका इस बात की भी है कि वॉशिंग्टन को साधने की चाह में कहीं भारत 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली गलती तो नहीं दोहरा रहा है। चीन के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने के उत्साह में भारत फिर चोट न खा जाए। एलएसी पर सैन्य गतिरोध ने राजनीतिक और सैन्य स्तर पर जो जख्म दिए हैं, उसमें यह आशंका निर्मूल भी नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि तमाम अंतर्विरोधों के वेग में विश्वास बहाली की जो प्रक्रिया एशिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुरू हुई है, क्या वह इतनी ही आसान है जितनी दोनों देश समझ रहे हैं। दरअसल, भारत और चीन के बीच दीर्घकालिक विवाद के कुछ ऐसे बिन्दु हैं जो संबंधों की बेहतरी में हमेशा अवरोधक बनकर उभरे हैं। सीमा-विवाद, दलाई लामा और व्यापार असंतुलन दोनों देशों के संबंधों में तल्खी का बड़ा कारण रहा है। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साल 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल 127.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। भारत ने चीन से 113.5 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात केवल 14.3 अरब डॉलर का हुआ। चूंकि द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में है। भारत इस व्यापार घाटे (99.2 अरब डॉलर) को कम करना चाहता है। दूसरा, ग्लोबल साउथ में भारत चीन का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। चीन शुरू से ही अपने आपको ग्लोबल साउथ का लीडर मानता है। उसकी इस स्वयं घोषित लीडरशिप में उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का बड़ा रोल रहा है। यही वजह है कि बहुत सारे देशों को लगता है कि विकासशील देशों के नेतृत्व की क्षमता चीन के पास है। भारत इस धारणा को बदलना चाहता है। दूसरी ओर ब्लॉक के भीतर कुछ देश ऐसे भी हैं जो चीन के विस्तारवाद और स्वार्थपरक एजेंडे को लेकर आशंकित है। वे चीन की तुलना में भारत को अधिक विश्वस्त मानते हैं। सीमा विवाद भारत-चीन संबंधों में तनाव का बड़ा कारण रहा है। गलवान में सैन्य तनाव के बाद भारत ने दो टूक कहा था कि जब तक सीमा विवाद के मुल कारणों का समाधान नहीं होगा, तब तक द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते है। ऐसे में यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि सीमा विवाद का समाधान हुए बिना भारत क्यों चीन के साथ गलबहियां करने के लिए आतुर दिख रहा है। चीन-पाक जुगलबंदी और आतंकवाद पर चीन के स्टैंड (पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की के मामले में वीटो करना) के बावजूद अगर भारत चीन के साथ कदम-ताल को आतुर है तो इसे विदेश नीति के मोर्चे पर भारत की बड़ी चूक ही कहा जाएगा।

## चीन की भूमिका पर सवाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन की भूमिका पर सवाल उठे। ढेर सारे अंतर्विरोधों के बावजूद यदि दोनों देशों के संबंधों में आत्मीयता का भाव लम्बे समय बाद होने वाली राष्ट्राध्यक्षों की बैठक से उत्पन्न होने की उम्मीद की जा रही है तो इसे अतिविश्वास की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है। लेकिन जैसा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कहा जाता रहा है कि राष्ट्रीय हित समय, काल और परिस्थितियों के हिसाब से बदलते रहते हैं। भारत-चीन संबंधों में भी यह लागू हो सकता है, बशर्ते कि चीन अपनी विस्तारवाद की नीति से बाहर निकले। कम से कम भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में तो अवश्य ही। बहरहाल भारत-चीन संबंधों में पुनर्स्थापना की जो प्रक्रिया शुरू हुई है वह किस रूप में आगे बढ़ेगी, इसका दारोमदार पूरी तरह से चीन पर निर्भर है।

## संक्षेप

### सुल्तानपुर जंक्शन पर ट्रेन से उतरते वक्त हादसा

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , कोलकाता से पत्नी व बच्चों से मिलने की आस लिए घर आ रहे क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति की रविवार को ट्रेन हादसा में दर्दनाक मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलियासिकरा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह के बेटे गिरीश सिंह ( 49 ) रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से पत्नी, बच्चों और घर परिवार से मिलने की आस लिए ट्रेन से घर आ रहे थे। वह वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल ट्रेन से सुल्तानपुर गृह जनपद के लिए ट्रेन में बैठ गए। ट्रेन निर्धारित समय पर सुबह 8:00 बजे सुल्तानपुर जंक्शन पर पहुंची। इसी बीच गिरीश को नींद आ गई। ट्रेन चलते समय अचानक उनकी नींद खुली और वह हड़बड़ाहट में अपने सामानों को नीचे फेंककर नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच उनका पैर फिसलकर पटरी व ट्रेन के बीचों बीच आ गया। उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने परिजनों की शिनाख्त पर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गिरीश सिंह अपनी बड़ी बेटी रितिका( 20 ) के लिए कलकत्ता से मोबाइल खरीदकर ला रहे थे। ट्रेन हादसे में उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी रीता सिंह ( 47 ) बड़ी बेटी रितिका सिंह ( 20 ) वेदिका सिंह ( 16 ), मानसिक रूप से विकलांग बेटे रूद्र प्रताप ( 12 ) का बुरा हाल है।

### कोतवाली से होमगार्ड की सेवानिवृत्ति

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में लम्बे समय से कार्यरत सेवा निवृत होमार्ड का रविवार को बिदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कोतवाल और साथी होमगार्डों ने अंगवस्त्रम देकर फूल मालाओं से उनका स्वागत कर उन्हें भावभीनी बिदाई दी। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत होमगार्ड लाल मोहम्मद के लम्बे समय से कोतवाली क्षेत्र में अपनी सेवा देने के बाद रविवार को वह सेवानिवृत हो गए।

### यूरिया खाद की किल्लत से किसानों को राहत

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जयसिंहपुर विकासखंड में चार दिनों से चल रही यूरिया खाद की किल्लत अब समाप्त होने जा रही है। रविवार को शाम सेमरी संघ की प्रमुख समितियों में यूरिया की नई खेप पहुंची है। कल्यानपुर समिति को 400 बोरी और महमूदपुर सेमरी समिति को 250 बोरी यूरिया की आपूर्ति की गई है। पिछले कुछ दिनों से किसान सुबह से शाम तक समितियों के चक्कर लगा रहे थे। कई किसान भूखे-प्यासे घंटों लाइन में खड़े रहकर खाद का इंतजार कर रहे थे। नई खेप पहुंचते ही समितियों पर किसानों की भीड़ जमा हो गई। महमूदपुर सेमरी समिति के सचिव भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोमवार से किसानों को खाद का वितरण शुरू किया जाएगा।

# जनपद में अब तक वितरित हो चुकी है 60435 मैट्रिक टन यूरिया

## पर्याप्त मात्रा में जनपद में उपलब्ध है उर्वरकः जिला कृषि अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2871 मैट्रिक टन यूरिया, 5170 मैट्रिक टन डीएपी, 3797 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13157 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 60435 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत सोमवार को 640 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सीमावर्ती व अन्य क्षेत्रों में लगातार छापामारी की कार्यवाही की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कालाबाजारी में संलिप्त 03 व्यक्तियों तथा 01 उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गई तथा 05 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 12 व्यक्तियों का लाइसेंस निरस्त किया गया है तथा 26 उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित किया जा चुका है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ए.आर. को-आपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ प्रतिदिन बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां उर्वरक भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गंगापुर के प्राचीन गावट माता मंदिर पर हुआ बृहद कन्या भोज

## समस्त ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हुआ वार्षिक आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। ग्राम पंचायत गंगापुर में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर सोमवार को गंगापुर स्थित प्राचीन गावट माता मंदिर पर बृहद कन्या भोज का आयोजन बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव और आसपास क्षेत्र की सैकड़ों कन्याओं को विधिवत पूजन कराकर भोजन कराया गया तथा यथा शक्ति दक्षिणा देकर समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। ग्रामीण परंपरा के अनुसार यह धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष इसी तिथि को बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न किया जाता है। आयोजन समिति में भाजपा के रुपैडीहा मंडल महामंत्री योगेश चंद्र पांडेय, अरुण प्रकाश त्रिपाठी, राजेश पांडेय, अंकित वर्मा, कल्लू प्रजापति, दिवाकर त्रिपाठी, मनोज प्रजापति, नीलाम्बुज पांडेय, जोखनलाल वर्मा, बुद्धसागर वर्मा समेत सैकड़ों ग्रामीण सक्रिय रूप से शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर देवी गावट माता से परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी मौजूद रहे। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कन्या भोज के बाद ग्रामीणों और भक्तों ने माता के दरबार में पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूरे मंदिर प्रांगण में जयकारों और भजन-कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। मुख्य आयोजक मंडल महामंत्री श्री पाण्डेय का कहना है कि इस आयोजन से न केवल धार्मिक आस्था मजबूत होती है बल्कि गांव में आपसी एकजुटता और सौहार्द भी बढ़ता है। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा।

# गणेश विसर्जन यात्रा में उमड़ी भीड़

## डीजे की धुन मे नाचते श्रद्धालुओ ने गणपति बप्पा को दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मंगलवार को कैसरगंज नगर मे संयुक्त रूप से दो मूर्ति की विसर्जन यात्रा निकली। पहला हनुमंत नगर हनुमान मंदिर से और दूसरा राजगद्दी मैदान पीपल वाली गली से जिसमे भारी संख्या में लोग जुटे, जहाँ श्रद्धालुओं ने डीजे और भक्ति गीतों पर नाचते हुए गणपति बप्पा को विदाई दी। यह यात्रा कैसरगंज नगर में निकाली गई थी, और विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए लोगों ने फूलों की वर्षा से स्वागत किया। पुरुषों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोग डीजे की धुन और भक्ति गीतों पर नाच रहे थे। मुख्य रूप से शामिल ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन डॉ0 अरविन्द सिंह और गणपति पूजा के दोनों कमेटी अध्यक्ष पवन सिंह, महामंत्री सौरभ कौशल, हरिद्वार प्रसाद गुप्ता यात्रा मे मौजूद रहे, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह शिवम सिंह, विवेक सिंह, सुरेश गुप्ता, सत्यम सोनी, हीरालाल मौर्य पंकज सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और भक्तगण मौजूद रहे। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। यात्रा का समापन नटवीर बाबा घाट कसेहरी पर हुआ, जहाँ गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। यात्रा के दौरान सुरक्षा मे पुलिस बल और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। यह विसर्जन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।



# अनुशासन व निष्ठा के साथ आगे बढ़ें कैडेट्सः डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी

- एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करने रुपईडीहा पहुँची डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी
- कैडेट्स की प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः डॉ हरीशचंद्र

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर




रूपईडीहा, बहराईच। रुपईडीहा स्थित लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज में 51 यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी-161 का समापन का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। शिविर के अंतर्गत 02 सितम्बर 2025 को सायं 5 बजे एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता व एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। सर्व प्रथम विद्यालय प्रबन्धन द्वारा उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनके उत्साह और अनुशासन की सराहना की तथा देश सेवा के प्रति जागरूक रहने, जीवन में सदैव अनुशासन और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री रामजानकी संस्थान के चेयरमैन एवम्पूर्व प्रमुख डॉ हरिश्चन्द्र ने एनसीसी कैडेट्स की लगन, मेहनत और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कैडेट्स के समर्पण भाव को सराहनीय बताते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में कैडेट्स ने एनसीसी के महत्व एवं अपने अनुभव साझा किए। कैम्प कमांडेंट कर्नल एपीएस पटवाल ने मुख्य अतिथि एवं पत्रकारों को दुशाला ओढ़ाकर स्वागत किया। लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज एवम लार्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ फामेर्सी के चेयर मैन डॉ यशपाल के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में कैडेट्स की लगन और अथक परिश्रम से दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। भाषण कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ असीम शुक्ल, डॉ मोहम्मद तारिक, प्रोफेसर आर एस वर्मा, प्रॉक्टर चन्दन गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के भीमसेन मिश्रा, पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, महामन्त्री मो अरशद, वरिष्ठ पत्रकार शेरसिंह कसौधन सहित दर्जनों पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या मुकदमे में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। अभी हाल ही में हुए दहेज हत्या के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को रूपईडीहा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रूपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दीक्षा पटेल व हमराही पुलिस बल द्वारा कार्यवाही की गई। थाना रुपईडीहा पर दर्ज दहेज हत्या के मुकदमा डीपी एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्तगण दुर्गेश कुमार पुत्र बिद्यान यादव, बिद्यान यादव पुत्र मन्नू यादव, सिया देवी पत्नी बिद्यान यादव, निवासीगण गोपालपुर बंजरिया, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइचको मुखबिर खास की सूचना पर गड्डुगड्डु डेयरी चौराहा, कस्बा रुपईडीहा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत तीनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय सदर, बहराइच के समक्ष पेश किया गया।




# जंगलों के बीच सफलता की कहानी लिख रहीं हैं समूह की दीदियां

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। यह कहानी है बहराइच जनपद मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर विकासखण्ड मिहीपुरवा के भारत-नेपाल सीमा एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के बीच बसे थारू जनजाति बाहुल्य गांव फकीरपुरी के प्रतिमा स्वयं सहायता समूह की दीदियों की। स्वयं सहायता समूह का गठन सितम्बर, 2018 में बिहार आजीविका मिशन से आई दीदियों ने किया था। इस स्वयं सहायता समूह में कुल 11 दीदियां जुडी जिसमें कुछ अलग करने की लगन थी। समूह में जुडने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से इनकों रिवाल्विंग फण्ड के रूप में रू. 15000 एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में रू. 1,50,000 दिये गये। समूह की दीदियों से जब रोजगार एवं प्रशिक्षण के विषय में बात की गई तो इन लोगो ने अपने परम्परागत उत्पादों को बनाने एवं उसको अलग पहचान दिलाने में रूचि दिखाई। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में विश्व प्रकृति निधि (डब्लूडब्लूएफ) के माध्यम से 15 दिवस एवं वर्ष 2024 में 10 दिवस का परम्परागत उत्पाद जैसे डलिया जूट बैग, कैप, हैडबैग, टोकरी, रोटी बॉक्स एवं फूलदान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त समूह की सभी दीदीयां जूट एवं जल कुम्भी से उपरोक्त सभी उत्पाद बना रही है। यह पर्यावरण के अनूकूल भी है। आज इस समूह की दीदियां स्वयं तो आत्मनिर्भर है। साथ ही अपने आस-पास के अन्य समूहों की दीदियों को भी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहीं हैं। इस समूह की दीदियों द्वारा आज अपने उत्पाद की बिक्री कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार आने वाले पर्यटकों के अलावा अन्य स्थानों पर भी की जा रही है। सम्पूर्णता अभियान अन्तर्गत आडिटोरियम परिसर में भी समूह की दीदियों द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

# दो मोटर साइकिलों की आमने सामने टक्कर में बुजुर्ग घायल

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत बरखुरद्वारापुर चौराहे पर मंगलवार की सुबह करीब 9:00 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमे एक कपड़ा व्यापारी बिक्की गाड़ी सवार बुजुर्ग व्यक्ति मोहर्रम अली को काफी चोटें आई हैं। मोहर्रम अली प्रतिदिन की तरह अपनी बिक्की मोटरसाइकिल से कपड़ा बेचने के लिए गांव गांव फेरी करने जा रहा था तभी सामने से आ रहे बाइकसवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोहर्रम अली को काफी चोटे आई है वही चोटिल बिक्की वाले को स्थानीय लोगो द्वारा आनन फानन मोहर्रम अली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जा रहा। घटना की सूचना परिजनों को लगी तो उनके परिवार के लोग पहुंचे हैं और बुजुर्ग व्यक्ति का दवा उपचार करवा रहे। शांति व्यवस्था कायम है फिलहाल घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं है।

# कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए नेम कुमार चौहान

## पार्टी को मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं रहेगी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। जिले के ग्रामीण अंचल कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम मीरपुर चिलवा निवासी नेम कुमार चौहान को कांग्रेस किसान पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष चुने जाने पर में खुशी का माहौल हो गया। इस मौके पर नेम कुमार चौहान ने बताया कि मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को उत्तर-प्रदेश के जनपद बहराइच का किसान कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी देने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित समस्त प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओ का बहुत-बहुतआभार व्यक्त करता हूं और मुझे इस आशा के साथ हमें जिले का पदभार दिया गया है हम उसी आशा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन ईमानदारी और तत्परता के साथ करेंगे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय योगदान देंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए घर घर जा कर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।

# वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में गश्ती दल कर रहे कदमताल

## निगरानी के लिए ली जा रही है कैमरों की मदद

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन प्रभाग, बहराइच के बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम-बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व मोतीपुरवा एवं ग्राम-गलकारा अहिरनपुरवा में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत बहराइच वन प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवसःरात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्रों में 02 थर्मल ड्रोन कैमरों के माध्यम से वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस तथा हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। अन्वेषण से प्राप्त पगचिन्हों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उक्त वन्य जीव भेड़िया की श्रेणी में नहीं है। उन्होंने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा ग्रामवासियों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। जनजागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है। डीएफओ ने बताया कि वन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि की जा रही गश्त के परिणाम स्वरूप कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा मीटिंग हाल में मुख्य अतिथि सुपरिटेंडेंट चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरबी वर्मा व अधीक्षक डॉ महेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति डॉक्टर आरबी वर्मा ने उपस्थिति सभी पदाधिकारी को इस कार्यक्रम की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग करने की निर्देश देते हुए पूर्ण मनोयोग से क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिए और आगामी कार्यक्रम की समीक्षा की। फाइलेरिया निरीक्षक रत्नेश कुमार व विमल कुमार के साथ जिला समन्वय के की मौजूदगी में फाइलेरिया कार्यक्रम के सुपरवाइजरों की बैठक में क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों की जमीनी हकीकत जानी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमे आगामी 10 अगस्त से बूथ स्तर पर दवा खिलाया जाएगा। जबकि 11-25 अगस्त तक आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी घर घर जाकर दवा खिलाने का काम किया जायेगा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान 2 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी को दवा खिलाना आवश्यक बताया।

# नगर पालिका कर्मचारी से मारपीट का मामला

## पाइप लाइन मरम्मत के दौरान जातिसूचक टिप्पणी और हमला, 5 दिन बाद एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, नगर पालिका परिषद के जल-कल विभाग के एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 26 अगस्त को गोलाघाट मोहल्ले की पीपल वाली गली में हुई। पांच दिन के धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पाइप लाइन फिटर कुंवर प्रताप सिंह अपने दो बेलदारों सत्यप्रकाश सोनी और सुभाष यादव के साथ पानी की लीकेज की मरम्मत कर रहे थे। स्थानीय निवासी बृजेश उपाध्याय ने गड्ढा खोदने का कारण पूछा। इसके बाद उन्होंने कुंवर प्रताप को थप्पड़ मारा। उपाध्याय ने लात-मुक्कों से पिटाई की और जातिसूचक गालियां दीं। आरोपी ने पीड़ित का गला भी दबाया। मौके पर मौजूद बेलदारों के हस्तक्षेप से कुंवर प्रताप की जान बची। बृजेश उपाध्याय ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के गली में काम नहीं करने देंगे। कुंवर प्रताप सिंह सिविल लाइन नगर पालिका कैम्पस सुलतानपुर के निवासी हैं। उन्होंने अपने अधिकारी और स्थानीय सभासद प्रवीण मिश्र के आदेश पर यह कार्य किया था। पीड़ित ने घटना की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को दी। शनिवार को नगर पालिका में प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। नगर कोतवाल धीराज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### आयकर विभाग ने व्यापारी को भेजा 141 करोड़ का नोटिस

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खुर्जा के एक छोटे किराना व्यापारी को आयकर विभाग से 141 करोड़ 38 लाख 47 हजार 126 रुपए का नोटिस मिला है। नयागंज मोहल्ले के रहने वाले सुधीर अपनी किराना दुकान से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। साइबर अपराधियों ने सुधीर के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर दिल्ली में छह फर्जी कंपनियां बना लीं। इन कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई। सुधीर को 2022 में भी इस संबंध में नोटिस मिला था, जिसका जवाब उन्होंने दे दिया था। 10 जुलाई 2025 को आयकर विभाग ने उन्हें 141 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री का नया नोटिस भेजा। सुधीर का कहना है कि उनका इन कंपनियों से कोई संबंध नहीं है। यह पूरा मामला साइबर ठगी का है। खुर्जा पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कई कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल पंकज राय के अनुसार मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस जल्द ही इस साइबर फ्रॉड का खुलासा करने का दावा कर रही है।

### राधारानी जन्मोत्सव पर सिकंदराबाद में निकली शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंदराबाद के भराना गांव में राधारानी के जन्मोत्सव पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। गंगनगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव आश्रम से शुरू हुई यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस आश्रम पहुंची। नवग्रह शनिदेव मंदिर पावन धाम के महंत कथा व्यास आचार्य पंडित आशीष उपाध्याय वशिष्ठ ने बताया कि यह आयोजन आर्यावर्त विश्व सनातन विकास परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक और आश्रम महंत वेद मूर्ति स्वामी फलारी महाराज के संरक्षण में किया गया। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इनमें शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण, राम दरबार, राधा कृष्ण और राधा रानी दरबार प्रमुख थीं। आश्रम पर सभी झांकियों की फूल मालाओं से आरती की गई। कार्यक्रम में 51 कन्याओं और 21 संतों को पहले प्रसाद वितरित किया गया, उसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

### गणेश मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरी

अमन लेखनी समाचार

बागपत, लहचौड़ा गांव में आज आकाशीय बिजली गिरने से गणेश मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा है। मंदिर के लेंटर में कई जगह दरारें आ गईं हैं। साथ ही मंदिर के पास स्थित शनिदेव मंदिर का कलश भी टूट गया है। बिजली गिरने से मंदिर में लगे सभी विद्युत उपकरण जल गए हैं। मंदिर के आसपास स्थित नरेश शर्मा और सत्ते के नलकूप के बिजली उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बारिश के कारण गांव की सड़कें जलमग्न हो गई थीं। बारिश रुकने के बाद जब ग्रामीण मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने नुकसान का जायजा लिया।

# छात्रा ने खुद को मारी गोली

## पिता की लाइसेंसी पिस्टल से कंधे पर वार, प्रेम प्रसंग में उठाया कदम

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर मोहल्ले में एक छात्रा ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही घरवाले भागकर कमरे में पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में छात्रा को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करा दिया जहां छात्रा हालत अभी अभी बनी गई है। छात्रा न जिस वक्त पिता की पिस्टल उठाई उसके हांथ कांप रहे थे। लेकिन छात्रा ने पिस्टल से बाएं कंधे के नीचे गोली मार ली। गोली आर पार हो गई। घर वालो ने गोली की आवाज सुनकर कमरे में पहुंचे तो बेटी जमीन पर तड़प रही थी। घटना के दौरान घरवाले घबरा गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी और उसे



अस्पताल लेकर भागे। मूल रूप से मध्यप्रदेश के रीवा त्यौंथर बाबूपुर के रहने वाले धर्मराज सिंह आर्मी से रिटायर्ड है। वह प्रयागराज के करेली थाना क्षेत्र के सरियापुर मोहल्ले में मकान बनवाकर अपने परिवार के साथ रहते हैं।

वह आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद नैनी के राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते है। पिता के मुताबिक ड्यूटी से लौटने के बाद वह घर आए और अपने पिस्टल पलंग पर रख दिए। इसके बाद उनकी बेटी मुस्कान 21 वर्ष पहुंची और पिता की लाइसेंसी पिस्टल उठाकर खुद को गोली मार ली। घरवालों के मुताबिक बेटी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वहीं अस्पताल में मौजूद एसआई के मुताबिक लव अफेयर का मामला है। जिसको लेकर छात्रा ने यह कदम उठाया है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# उच्च अधिकारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। आईएएस अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा अन्य अधिकारियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर दावों का स्टॉक रजिस्टर के अलावा एक्स-रे कक्ष, ओपीडी कक्ष तथा इमरजेंसी व पैथोलॉजी आदि का भी निरीक्षण किया। मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह तथा अन्य कर्मचारी चिकित्सकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जानकारी के अनुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को दिन में करीब 1 बजे आईएएस अधिकारी नौशीन पहुंची। उनके साथ एसीएमओ राजेंद्र कुमार भी मौजूद थे। आईएएस अधिकारी नौशीन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी का उपस्थिति रजिस्टर को दिखा। इसके



अलावा दवाइयां के स्टॉक रजिस्टर को देखा। उन्होंने दवा कक्ष, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसीकक्ष, पैथोलॉजी कक्ष को देखा और खून जांच के बारे में कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त किया। इसके अलावा वह मौजूद चिकित्सकों के कक्ष मे पहुंची और उनके द्वारा मरीजे के किए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वह महिला प्रशवोत्तर कक्ष तथा महिला वार्ड भी पहुंची और जच्चा बच्चा के बारे में जानकारी लिया इसके अलावा अन्य स्थानों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी की अच्छी बेहतर व्यवस्था से वह प्रभावित दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ डॉ राजेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लाल चंद्र गौड़ जिला मातृत्व एवं शिशु कल्याण अधिकारी आलोक कुमार, जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर धीरेंद्र कुमार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से मरीज की हुई मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुसाफा गांव निवासी एक व्यक्ति को लगभग दस दिन से बुखार आ रहा था। बुखार से पीड़ित होने के कारण मुसाफा गांव में ही क्लीनिक खोले एक झोलाछाप चिकित्सक के पास इलाज के लिए गया था, जहां से इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाने से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में ब्लैक स्पॉट के साथ फफोले पड़ गए। जिसके बाद परिजन आनन-फानन इलाज के लिए जहानाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए और बकेवर पुलिस को झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज करने की शिकायत लिखित तौर पर किया। मिली जानकारी के अनुसार मुसाफा गांव निवासी 38 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पुत्र सुंदर लाल कई दिनों से वायरल फीवर की चपेट में था, जिसने मुसाफा में ही झोलाछाप की कलीनिक में इलाज कराया था। परिजनों का आरोप है कि किलिनीक संचालक सुल्तान अहमद ने उसका इलाज गलत तरीके से कर धर्मेंद्र को गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिसके तुरंत बाद ही उसके शरीर मे काले रंग के साथ फफोके निकल आए। जिसकी परिजनो ने पुलिस को लिखित सूचना देकर उसे जहानाबाद प्राइवेट अस्पताल ले गये जहाँ से फिर कानपुर इलाज के लिए ले गए। जहाँ हैलेट अस्पताल में मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसके शव को मुसाफा गांव लेकर आए और मृतक के भाई धीरेंद्र कुमार ने पुलिस को सूचना दी। इस बाबत थानाध्यक्ष बकेवर सुमित देव पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आरोपी चिकित्सक पर कार्यवाही की जाएगी।

# स्कूली बच्चे बड़ों को पढ़ाएंगे साइबर पाठ

## सभी स्कूलों में चार श्रेणी में होगी प्रतियोगिता, बढ़ती साइबर ठगी के चलते लिया निर्णय

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को जागरूक करने की योजना बनाई है। पुलिस साइबर जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पेंटिंग और निबंध लेखन समेत नौ तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। इसमें जिले के सभी छात्र हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता चार श्रेणी में होगी। जो भी इसका विजेता होगा उसे साइबर विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और पुलिस कमिश्नर विजयी छात्रों को पुरस्कृत करेंगी। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए छात्रों का जागरूक होना सबसे अहम है। अगर वे जागरूक होंगे तो परिवार के अन्य सदस्य तक भी बात पहुंच जाएगी।



इसे देखते हुए आगामी महीने में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस व्यापक स्तर पर अभियान चलाने जा रही है। पुलिस टीम द्वारा एक ओपन श्रेणी की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इसमें सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों से आवेदन मांगे जाएंगे। कक्षा एक से पांच तक के छात्रों को श्रेणी एक, छह से आठ तक के छात्रों को श्रेणी दो, नौवीं से 12वीं तक तीसरी और इंटरमीडिएट से ऊपर के छात्रों को चौथी श्रेणी में शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता करीब एक महीने तक चलेगी। विजेता छात्रों को सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में साइबर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। छात्रों को इस दौरान उन लोगों के बारे में भी बताया जाएगा जो जागरूकता के कारण साइबर ठगों के चंगुल में फंसने के बावजूद निकल आए।

# दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जलभराव

## बागपत में राज्यमंत्री केपी मलिक का काफिला फंसा, एनएचएआई को निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बारिश के बाद दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर कई फीट पानी भर गया। सिसाना गांव के पास हाईवे पर जलभराव से जाम की स्थिति बन गई। इसी दौरान यूपी सरकार में राज्यमंत्री केपी मलिक का काफिला भी वहां से गुजर रहा था। काफिले को जलभराव में फंसने के बाद पुलिसकर्मियों ने बड़ी सावधानी से वाहनों को निकाला। स्थानीय लोगों ने मंत्री को रोककर जलभराव की समस्या से अवगत कराया। मंत्री ने तुरंत एनएचएआई के अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने पानी की निकासी के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। हाईवे पर यह समस्या नई नहीं है। निर्माण के बाद से ही बारिश के दौरान यहां पानी भर जाता है। इसका कारण जल निकासी का उचित प्रबंध न होना है। राज्यमंत्री ने कहा कि वे सड़क परिवहन मंत्री से भी इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने जल्द ही समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इतनी गंभीर स्थिति उन्होंने पहली बार देखी है।



# कॉलेज में ग्रीन बिल्डिंग्स पर विशेष व्याख्यान

- विशेषज्ञों ने ऊर्जा दक्षता और सतत विकास पर साझा किए अनुभव

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कॉलेज में इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स मेरठ सब चैप्टर की ओर से ग्रीन बिल्डिंग्स पर खास व्याख्यान आयोजित किया गया। दिल्ली के एऑन कंसल्टेंट्स के प्रिंसिपल कंसल्टेंट आशिष के. जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने सतत भवन निर्माण, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण अनुकूल इमारतों में एचवीएसी प्रणालियों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शहर के आर्किटेक्ट्स, उद्योगपति, एचवीएसी ठेकेदार और बिल्डर्स शामिल हुए। कुल 91 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। जैन ने ग्रीन बिल्डिंग मानकों और इंटीग्रेटेड डिजाइन की अहमियत को व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया और



बताया कि सतत विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक लाभ भी देता है। कार्यक्रम में सब चैप्टर अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन, संस्थापक अध्यक्ष अशोक गोयल, पूर्व अध्यक्ष अमरजीत मौर्य और जोनल चेयर अमित कौशिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अमित गोयल ने किया। व्याख्यान का समापन प्रश्नोत्तर सत्र से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार और प्रश्न रखे। अंत में आईएसएचआरई मेरठ सब चैप्टर ने मुख्य वक्ता और सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया।

# गुलमोहर एन्क्लेव में चुनाव अधिकारी ने ली बैठक

## लंबे समय से चल रही थी चुनाव की मांग, घर से वोट डाल सकेंगे सीनियर सिटीजन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव में होने वाले आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी ने स्थानीय निवासियों के साथ बैठक ली। कम्युनिटी हॉल में आयोजित बैठक में स्थानीय निवासियों को चुनाव सम्बंधित दिशा निदेर्शों से अवगत कराया गया। वहीं कुछ सुझावों पर विचार करते हुए सहमति जताई गई। लंबे समय से यहां चुनाव की मांग चल रही थी। फहअ चुनाव के चुनाव अधिकारी जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ राजेश तेवतिया ने बताया कि केवल फ्लैट के फर्स्ट ओनर की वोट बनाई जाएगी। फ्लैट का फर्स्ट ओनर ही चुनाव लड़ सकता है। चुनाव यूपी अपार्टमेंट एक्ट के अनुसार सम्पन्न होंगे। चुनाव लड़ने वाले सभी



प्रत्याशियों के नाम एल्फाबेटिक लगाए जाएंगे। जिन फ्लैट ओनर की मौत हो चुकी है उनकी पत्नी को वोट डालने का अधिकारी मिलेगा। चुनाव में होने वाले समस्त खर्चे आरडब्लूए वहन करेगी। चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और लाइव वीडियो मतदान स्थल के बाहर चलेगी। आरडब्लूए की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने सीनियर सिटीजन की वोट घर से ही डाले जाने का सुझाव दिया। जिस पर चुनाव अधिकारी ने सहमति जताई। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अगले महीने तक सारी प्रक्रिया पूरी करके चुनाव संपन्न कर दिया जाएगा। आरके गर्ग ,रश्मि चौधरी ने एक ज्ञापन सौंपा कि चुनाव संपन्न होने तक बड़े खर्चों पर रोक लगाई जाए केवल दैनिक खर्च ही किए जाए।

आरडब्लूए का अकाउंट चुनाव अधिकारी संचालित करें। सोसायटी की वोटर लिस्ट बनाने का कार्य चल रहा है। जिसमें 304 फार्म जमा हो चुके हैं।

बैठक में हुई वार्ता से सभी लोग संतुष्ट दिखाई दिए। समाजसेवी गौरव बंसल ने कहा कि हमने चुनाव को निष्पक्ष तरह से कराने की मांग पूर्व में प्रशासन से रखी थी। चुनाव में कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए।

# बुजुर्ग महिला को बहू और रिश्तेदारों ने पीटा

## घर भी तोड़ा, संपत्ति विवाद का मामला, 11 पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, संपत्ति विवाद ने एक परिवार को तोड़ दिया है। देहली गेट क्षेत्र में 80 वर्षीय कमलेश शर्मा को उनकी बहू और उसके परिवार वालों ने पीट दिया। कमलेश शर्मा के बेटे आशीष की शादी पूजा शर्मा से 6 जून 2019 को हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। पूजा अक्सर झगड़ा करके मायके चली जाती थी। विवाद बढ़ने पर कमलेश ने बेटे-बहू को संपत्ति से बेदखल कर दिया था। समझौते के बाद दोनों किराए के मकान में रहने लगे। कुछ समय बाद पूजा फिर पति और बच्चों को छोड़कर मायके चली गई। 11 अगस्त 2025 को पूजा अपनी मां, भाई, ताऊ के लड़के, बहनोई, भाभी और अन्य लोगों के साथ कमलेश के घर आई। उन्होंने गाली-गलौज कर संपत्ति अपने नाम करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर वृद्धा के साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने उनके बेटे को भी पीटा। डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं की। वृद्धा ने एसएसपी डॉ. विपिन ताडा से शिकायत की। देहली गेट थाना पुलिस ने पूजा शर्मा समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# महिला से छेड़छाड़ का प्रयास

## युवक ने खेत में खींचा, स्कूल बस स्टाफ ने बचाया; पुलिस तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, दौराला थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया। भराला-सिवाया मार्ग पर मेरठ स्थित शोरूम जा रही महिला को एक निर्वस्त्र युवक ने पीछे से पकड़ लिया। आरोपी ने महिला का मुंह दबाकर गन्ने के खेत में खींचने का प्रयास किया। वेद इंटरनेशनल स्कूल बस के चालक अनिल कुमार और परिचालक शिवम ने महिला की चीखें सुनीं।

दोनों तुरंत मदद के लिए दौड़े। शोर सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दौराला पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गन्ने के खेतों में पैदल कांबिंग की और ड्रोन से भी तलाश की, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से लंबे




बालों वाला यह निर्वस्त्र युवक क्षेत्र में सक्रिय है। 25 अगस्त को भी उसने सिवाया और भराला की दो महिलाओं से छेड़छाड़ की थी।

इसके अलावा दो युवतियों को रोकने का प्रयास किया और मसूरी मार्ग पर एक महिला से छेड़छाड़ की। दौराला के इंस्पेक्टर सुमन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। जंगल और खेतों में कांबिंग जारी है। सादा वेश में महिला दरोगा और पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार होगा।

# आईएमए मेरठ द्वारा आयोजित हुई इन डोर गेम्स प्रतियोगिता

- पुरूष, महिला, बच्चों की श्रेणियां बनाकर हुए आयोजन, विजेताओं को मिले इनाम

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, इंडियन मेडिकल एशोसिएशन द्वारा इन डोर स्पोर्टस गेम्स का आयोजन किया गया। इसमे डॉक्टर्स ने परिवार सहित हिस्सा लिया और खेल खेलकर इनाम जीते। आईएमए के स्पोर्टस चेयरपर्सन ने बताया कि यह आयोजन सेहत के प्रति जागरूक के साथ साथ एक मुलाकात का भी माध्यम रहता है। इस आयोजन में बच्चों के लिए कैरमबोर्ड, चैस जैसे खेल रहे तो डॉक्टर्स ने पुशअप, स्कवार्डस, प्लैंक आदि में प्रतिभाग किया। अलग अलग श्रेणियों में चयन के आधार विजेताअको पुरूस्कार के साथ साथ मेडल पहनाकर उनका हौंसला अफजाई किया। आईएमए के सदस्य डॉ जे वी चिकारा ने कहा कि आजकल सभी की जीवनशैली बहुत व्यस्थ हो गई है। ऐसे में लोग अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाते है और बीमार पड़ जाते हैं। हमे अपनी दिन चर्या को इस हिसाब से लेकर चलना चाहिए कि अपनी सेहत को बेहतर रखने के लिए भी इसमे समय रहे। डॉ प्रविंदर मलिक ने कहा कि एक दूसरे के साथ जब ऐसे गेम्स के माध्यम से मुकाबले होते है तो हमे एक दूसरे से बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है। अच्छी बातों को देख कर खुद को बेहतर बनाने कि प्रेरणा भी हमे ऐसे




आयोजनों से मिलती है। मैच के इन मुकाबलों में निर्णायक के रूप में मौजूद डॉ अम्बेश पंवार ने कहा कि जब इन छोटे छोटे मुकाबलों में जब हम इनाम देते है तो विजेताओं को तो गर्व महसूस होता ही है साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी और बेहतर करने का हौंसला मिलता है।

# सोनभद्र की डॉ. रचना तिवारी को मिलेगा आदित्य संस्कृति विशिष्ट सम्मान

**-मां पीताम्बरा की नगरी दतिया मध्यप्रदेश में 7 और 8 सितंबर को होगा पंचम अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन- 2025।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। सांस्कृतिक मासिक पत्रिका आदित्य संस्कृति द्वारा हिंदी महोत्सव के तहत आयोजित पंचम अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन-2025 का आयोजन 7 और 8 सितम्बर को मां पीतांबरा की नगरी दतिया (म.प्र.) में होगा। जिसमें सोनभद्र की कवयित्री डॉक्टर रचना तिवारी को आदित्य संस्कृति विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मेलन होटल ब्लू स्टार, सीतासागर के समीप आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन में कवि सम्मेलन, व्याख्यान, विमोचन, परिचर्चा और पर्यटन जैसे विविध कार्यक्रम शामिल रहेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन 7 सितम्बर की सुबह 9 बजे होगा। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सोनभद्र की जानी-मानी कवयित्री और शिक्षाविद् डॉ. रचना तिवारी शिरकत करेंगी। जनपद सोनभद्र की साहित्यकार डॉ. रचना तिवारी को इस अवसर पर आदित्य संस्कृति विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आदित्य संस्कृति पत्रिका ने वर्ष 2020 में उन पर विशेषांक प्रकाशित किया था। उनकी मौलिकता और साहित्यिक योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। डॉ. तिवारी के अब तक नौ काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। उनके सम्मानित होने से सोनभद्र के साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# विद्यालयों में आयोजित हुआ हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर 1 सितम्बर 2025 को जनपद के सभी विद्यालयों में ह्लहमारा विद्यालय  हमारा स्वाभिमानह्व संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रार्थना सभा में लाखों शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावकों ने एक साथ खड़े होकर पाँच संकल्प लिए। संकल्पों में विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित और प्रेरणास्पद बनाए रखना, संसाधनों को राष्ट्रधन मानकर उनका संरक्षण करना, भेदभावरहित वातावरण बनाना, शिक्षा को केवल ज्ञान नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और समाज सेवा का साधन मानना तथा विद्यालय को संस्कार व समर्पण का तीर्थ मानकर उसका गौरव बढ़ाने की प्रतिज्ञा शामिल रही मंडल अध्यक्ष अखिलेश वत्स, जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, महामंत्री इन्दूप्रकाश सिंह सहित पदाधिकारियों ने विभिन्न ब्लॉकों में शपथ दिलाई। संगठन मंत्री गणेश पाण्डेय ने विद्यालय को भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला बताया, जबकि जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय ने कहा कि महान विभूतियों की सफलता की जड़ें उनके विद्यालय के संस्कारों में निहित हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षा उन्नयन और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सृजनात्मक आंदोलन है।'

# भाजपा और कांग्रेस आमने - सामने, जमकर हुआ प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जिला मुख्यालय पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए। मामला सीधे तौर पर जुड़ा है बिहार के दरभंगा में उस मंच से, जहाँ राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई थी। उसी घटना के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच जिला मुख्यालय का माहौल घंटों तक गरमाया रहा। बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में मंच से पीएम मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ की गई गाली का वीडियो जब वायरल हुआ, तो इसका असर सोनभद्र तक पहुंचा। इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में जुलूस निकालकर कांग्रेस कार्यालय पहुंची। महिला मोर्चा ने नारेबाजी की और कांग्रेस के खिलाफ कड़ा आक्रोश जताया। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौके पर डटे रहे। दोनों दल आमने-सामने आ गए, नारेबाजी तेज होती चली गई। हालात को भांपते हुए पुलिस प्रशासन ने भारी फोर्स तैनात कर दिया। नजाकत को देखते हुए कई बड़े पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन कांग्रेस कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस केवल उन पर दबाव बना रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी के बैनर पर चप्पल से पिटाई कर लोकतांत्रिक मयार्दाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। उनका कहना था कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उनके श्रृंगार, लिपस्टिक-लाली को निशाना बनाकर जिस तरह अमर्यादित विरोध किया गया, वह बेहद निंदनीय है। कांग्रेस ने पलटवार करते हुए भाजपा महिला मोर्चा का भी जमकर विरोध किया। दोनों तरफ से हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस का आरोप रहा कि प्रशासनिक दबाव में उनके विरोध को दबाने की कोशिश की गई। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी के बीच हालात तो काबू में रहे, लेकिन जिला मुख्यालय पर भाजपा और कांग्रेस के इस आमने-सामने प्रदर्शन ने माहौल जरूर गरमा दिया।'

# करमा जनपद सोनभद्र ने वापस कराये 63,000/- रुपये



**अमन लेखनी समाचार**


सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा साइबर अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान एवं व क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्या0) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना करमा जनपद सोनभद्र एवं थाना स्थानीय के साइबर टीम के द्वारा आवेदक सुविन्द कुमार निवासी ग्राम केकराही थाना करमा जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गूगल-पे से 63,000/- रुपये ट्रांसफर कर लेने के संबंध में ठउफढ पोर्टल पर पंजीकृत शिकायत में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित बैंको से पत्राचार कर 63,000/-रुपये को आवेदक सुविन्द कुमार निवासी उपरोक्त को सफलतापूर्वक वापस कराया गया। जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एंव क्षेत्राधिकारी घोरावल के साथ साथ प्रभारी निरीक्षक थाना करमा एवं साइबर क्राइम टीम थाना करमा के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# अमेरिकी टैरिफ के असर से देश को बचाए सरकार

**आजीविका पर संकट को हल करने में मदद की जाए**

**रोजगार अधिकार अभियान की वर्चुअल बैठक में लिया गया प्रस्ताव**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। अमेरिका की ट्रम्प सरकार द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर और लाखों लोगों की आजीविका पर आसन्न संकट से बचाने के लिए सरकार पहल करे। घरेलू बाजार को मजबूत करने, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने, संकटग्रस्त उद्योगों को बाजार मुहैया कराने व उन्हें आर्थिक मदद देने, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा लायक तकनीक विकसित करने और टैरिफ के कारण बेरोजगार हो रहे मजदूरों की जीवन रक्षा के लिए बेकारी भत्ता देने जैसी कार्रवाई सरकार की तरफ से करने की आज जरूरत है। यह मांग सोमवार को रोजगार अधिकार अभियान की राष्ट्रीय संचालन समिति की वर्चुअल बैठक में उठी। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका और यूरोप पर निर्भर रहकर आर्थिक तरक्की के रास्ते ने हमारे देश की आर्थिक सम्प्रभुता को गहरा नुकसान पहुंचाया है। हमारे सम्बंध मित्र देशों के साथ खराब हो गए और हमें दुनिया में अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। आज आवश्यकता है कि हम पड़ोसी मुल्कों और दक्षिण एशियाई देशों के साथ अपने सम्बंध बेहतर करें और अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के कृषि, एमएसएमई और कल कारखानों को मजबूत करें। सरकारी विभागों में खाली पड़े 1 करोड़ पदों को भरने और हर नौजवान को रोजगार की संवैधानिक गारंटी देकर लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। इससे ही देश को मंदी की चपेट में आने से बचाया जा सकेगा। बैठक में कर्नाटक विद्यार्थी संघ के सरोवर ने वहां जमीन अधिग्रहण के सवाल पर लम्बे चले आंदोलन के बाद मिली जीत और वहां जारी छात्र आंदोलन के बारे में रिपोर्ट रखी। रोजगार अधिकार अभियान के कोआर्डिनेटर राजेश सचान ने विगत एक पखवाड़े से दिल्ली में रोजगार अधिकार अभियान के तत्वावधान में छात्रों व नागरिकों से किए सघन संवाद के अनुभवों को साझा किया। सोनभद्र की आदिवासी युवतियों ने प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों को बंद करने पर ली गई पहल की रिपोर्ट रखी। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने बताया कि बैठक में अभियान के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर राजेश सचान, कर्नाटक विद्यार्थी संघ के सरोवर, गुजरात से विपुल राठवा, अभियान के यूपी कोआर्डिनेटर सुरेन्द्र पांडेय, लखनऊ से पूजा विश्वकर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रियांशु पाल, प्रयागराज से अर्जुन प्रसाद, सोनभद्र से सविता गोंड, रूबी सिंह गोंड, अभिषेक, जमशेद अली, गुंजा गोंड, ललित सिंह आदि लोगों ने अपनी बात रखी।

# सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर मनाया गया बुढ़वा मंगल उत्सव

**हनुमान जी महाराज के दर्शन कर सैकड़ों भक्तों ने चखा प्रसाद**

**अमन लेखनी समाचार**





ककरबई-झांसी। सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर बुढ़वा मंगल पर्व पर जन प्रतिनिधियों से लेकर दूर दूर से आने वाले भक्तों की भारी भीड़ जमा रही। प्रातः 5:00 बजे ककरब ?ई सुन्दर काण्ड मण्डल के भक्तों द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ किया गया। वहीं कैरोखर के कलाकारों ने साजबाज में हनुमान जी महाराज के सुन्दर भजनों की प्रस्तुति करते हुए भक्तों से खूब वाहवाही बटोरी। दो दिन से चल रहे अखंड रामायण पाठ सहित अन्य समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का पूजन व समापन आचार्य गिरजा नन्दन दीक्षित द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार करते हुए उनकी महाआरती उतारी गई। दोपहर दो बजे के उपरान्त शुरू हुए भंडारे में देर रात तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सैकड़ों समर्थकों के साथ हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने आये विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आर.पी.निरंजन ने हनुमानजी महाराज के समक्ष आश्रम परिसर में आठ लाख रुपया खर्च कर अवशेष भागवत कथा प्रांगण एवं रसोई प्रांगण में एपैक्स बिछाने की घोषणा करते हुए कहा कि तीन माह के अन्दर कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से बद्री त्रिपाठी, सीताशरण त्रिपाठी, अभय प्रताप सिंह अस्ता, कमलापत उपाध्याय, अनिल तिवारी, क्षेत्रीय विधायक के पुत्र राहुल राजपूत, अशोक निरंजन, नरेंद्र सिंह बुन्देला, बंशी सोनी, अरविंद्र हाटी बाले, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक गुप्ता, अनुज कुमार द्विवेदी प्रधान नागर, जगभान सिंह प्रधान हीरानगर, शिवम तिवारी, राकेश नायक, लालू महाराज, साहब सिंह, पवन यादव, सहित हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर महंत राकेश दास महाराज ने सभी भक्तों को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त कर हनुमानजी महाराज से सभी भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखने की प्रार्थना की।

# विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर के प्राचार्य से है मुझे जान का खतरा, अगर मुझे कुछ होता है तो उनकी होगी जिम्मेदारी



**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले में लावारिसों के वारिस के नाम से पहचान रखने वाले समाजसेवी कुंवर वीरेंद्र सिंह ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि गाजीपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आनन्द मिश्रा और उनके सहयोगियों से उन्हें जान का गंभीर खतरा है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अपनी की सुरक्षा की मांग की है। बीते दिनों श्री मिश्र के खिलाफ शिकायत करने डीएम कार्यालय जाने के बाद वहां बेहोश होने के बाद मामला काफी गरमाया हुआ है। ऐसे में समाजसेवी ने ऐसा गंभीर आरोप लगाकर अपने समर्थकों को एक और मुद्दा दे दिया है। समाजसेवी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समय रहते उन्हें सुरक्षा नहीं दी गई और कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्राचार्य आनन्द मिश्रा और उनके सहयोगियों की होगी। कहा कि हालत दिनों-दिन गंभीर होते जा रहे हैं, ऐसे में प्रशासन को अब तत्काल कदम उठाना चाहिए। बता दें कि समाजसेवी लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वो उन लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करते हैं, जिन्हें अपनाने वाला कोई नहीं होता। अपने इस अनोखे और मानवीय कार्य के कारण उन्हें लोग लावारिसों का वारिस कहकर सम्मानित करते हैं। समाज में उनकी यह पहचान उन्हें बाकी से अलग बनाती है।

# एमएलसी प्रतिनिधि ने यात्री प्रतीक्षालय का फीता काटकर किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। मंगलवार को बामौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कचीर में एमएलसी निधि से नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन पाठक (गुड्डू पाठक) व पुष्पेंद्र दुबे मौजूद रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.पी.निरंजन ने नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे है।यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण होने से यात्रियों की परेशानी कम होगी। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने ग्राम पंचायत में एक सीसी सड़क और श्री हनुमान जी मंदिर पर सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरप्रसाद पटेल, अनुज कुमार द्विवेदी ग्राम प्रधान नागर, जगभान यादव ग्राम प्रधान हीरानगर, हेमन्त यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोखर, मयंक गुप्ता, अब्बू महाराज, स्वतंत्र रिछारिया, अनिल तिवारी, सोमेश तिवारी, बूथ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार, दिनेश तिवारी, प्रभात सिंह, गुलजारी जायसवाल, माते परिहार, जयराम सहित आदि लोग मौजूद रहे।संचालन धर्मेंद्र सिंह बुंदेला ने किया।

# एस आई आर एव 130 वें संविधान संशोधन विधेयक पर भाकपा कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन

**भाकपा द्वारा कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन के दौरान नगवां बांध के विस्थापितों को न्याय और जनपद में कैमूर आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना कराने की मांग को भी उठाया गया।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा रकफ (विशेष पुनरीक्षण) बिहार के संदर्भ में और 130 वें संविधान संशोधन को वापस लेने तथा नगवां बांध के विस्थापितों को न्याय व अन्य मुद्दों को लेकर सैकड़ों कार्यकताओं के साथ सोनभद्र जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया गया । उससे पहले भाकपा कार्यकर्ता चुनाव आयोग के खिलाफ और अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मुख्यालय गेट से जुलूस से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। जहां कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना दिया गया भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए रकफ और 130 वें संविधान संशोधन के विरोध में राष्ट्रपति को और अन्य स्थानीय मुद्दों पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम (नमामि गंगे)को सौंपा गया ।

जहां भाकपा जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने बताया कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में भाकपा द्वारा विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम है। बिहार में एस आई आर से 65 लाख मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से बाहर कर देने की प्रबल आशंका से जगह जगह विरोध हो रहा है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने राशन कार्ड और आधार जैसे बुनियादी साक्ष्य को अस्वीकार कर दिया।जिसे माननीय सुप्रीम कोर्ट ने राशन कार्ड, आधार और वोटर कार्ड को दस्तावेज के रूप में मानने की सलाह दी है।वोटों में हेरा फेरी और वोटो की चोरी का मामला प्रकाश में आने पर पूरे देश के मतदाताओं में खलबली मच गई है, यह कहीं न कहीं चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे फजीर्वाड़े को दशार्ता है।जनतंत्र में शासन की गलत नीतियों का विरोध करने का अधिकार देश की जनता को भारत के संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। धरने के दौरान पार्टी के नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 130 वे संविधान संशोधन विधेयक के आधार पर निर्वाचित मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों को 30 दिन जेल में रहने पर उन्हें बर्खास्त करने का अधिकार देता है।इससे भारत को फासीवादी राज्य की ओर धकेलने की एक सोची समझी साजिश है और यह भारत के संघीय ढांचे पर कुठाराघात है।बीजेपी के शासनकाल में चुने हुए विरोधी नेताओं को जेलों में डाल दिया जाता है। वही चुने नेता, मंत्री जब बीजेपी में शामिल हो जाते हैं तो उन्हें क्लीनचिट दे दिया जाता है। भाकपा मोदी सरकार की ऐसी नीतियों का पुरजोर विरोध सड़क से लेकर संसद तक कर रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान जनपद के नगवां बांध के विस्थापितों के सवाल को भी उठाया गया। नेताओं का कहना रहा कि 80 के दशक में इस बांध का विस्तारिकरण किया गया, जिससे नौ गांवों की हजारों की आबादी आज भी विस्थापन का दंश झेल रही है।विस्थापन के समय वह जिस जमीन पर काबिज हो कर अपने जीवकोपार्जन को चला रहे हैं। आज वन विभाग द्वारा उन्हें बेदखल करने का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है।विभाग द्वारा विस्थापितों का शोषण उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए विस्थापितों को पुनर्वास जीवकोपार्जन के लिए खेती की जमीन व सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाना चाहिए। जनपद में उच्च शिक्षा के लिए कैमूर आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना जरूरी है, इसके साथ ही यहां लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए बनाया गया ट्रामा सेंटर को तत्काल चालू कराया जाना चाहिए।

# शक्तिनगर पुलिस ने 01 चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त गुड्डू कुमार उर्फ बड़कु पुत्र सीताराम भारती निवासी निमियाटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष को एक अदद चोरी की मोटर साइकिल (बजाज प्लाटिना टढ66ए3907) के साथ गिरफ्तार किया गया तथा दो नफर अभियुक्तगण मौके से फरार हो गये जिनकी तलाश की जा रही है ।उक्त के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-147/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि इस मोटर साइकिल का कोई कागजात नहीं है, इसे मैं और अंकित भारती पुत्र राम लल्लु भारती निवासी निमियाटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र व रोहित कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी निमियाटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र ने मिलकर 30/31.08.2024 की रात्रि में निमियाटाड़ बस्ती से चुराये थे। आज मैं और मेरे साथी मोटर साइकिल से कोटा होते हुए म0प्र0 की तरफ जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। मैं गाडी चला रहा था तथा अंकित भारती व रोहित भारती पीछे बैठे थे, जो आप लोगों को देखकर मौके से फरार हो गये।

# सिंचाई विभाग कार्यालय में सूचना आयुक्त का स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



रेणुकूट। रेणुकूट स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय में राज्य सूचना आयुक्त डॉ० दिलीप अग्निहोत्री का स्वागत किया गया। इंजिनियर चरणजीत मौर्य ने उनको सिंचाई और विद्युत उत्पादन संबंधी पुस्तिका भेंट की। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि देश की समृद्धि में सिंचाई और विद्युत दोनों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान इन दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कई लेख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र का विकास हुआ। इसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे उद्योग और निवेश को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उत्तर प्रदेश जल संसाधन विभाग द्वारा रिंहद बांध और इसके गोविंद बल्लभ पंत सागर प्रबंधन किया जाता है। इससे संबद्ध एक जल विद्युत परियोजना सफलता के साथ संचालित है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों जलाशय के जलस्तर पर निगरानी रखते है रिहंद बांध क्षेत्र में सिंचाई विभाग का कार्य सिंचाई के लिए नहरों और अन्य माध्यमों से जल संसाधनों का उपयोग करना, बाँधों, नलकूपों और अन्य सिंचाई तंत्रों का निर्माण व रखरखाव करना, और निचले क्षेत्रों (जैसे बिहार और झारखंड) को पानी की आपूर्ति करना है। सिंचाई विभाग, रिहंद बांध के जलस्तर की निगरानी करता है और जब पानी खतरनाक स्तर तक पहुंचता है, तो वह बांध के फाटक खोलता है, जिससे नीचे की ओर पानी छोड़ा जाता है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।



## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज



हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।

वर्किंग वूमेन

प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

कोई भी गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

मेडिकल एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर

एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी

आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुतिः विनीता

### बचाव और उपचार



अगर थायरॉइड रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।



# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस

बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिज्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

# पीएम का ट्रंप को संदेश

प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप का नाम नहीं लिया, लेकिन संरक्षणवाद, एकाधिकारवाद और वर्चस्ववाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने इनके खात्मे की बात कही, क्योंकि वैश्विक, लोकतांत्रिक, कूटनीतिक व्यवस्था में ये उचित नहीं हैं। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी का संदेश व्हाइट हाउस तक पहुंच गया होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अमरीका की नीतियों पर कड़े प्रहार किए थे। इसके अलावा, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमरीका को शीत युद्ध वाली मानसिकता छोड़ देनी चाहिए। अमरीका दूसरे देशों को धमकाना भी छोड़ दे। विश्व के परिदृश्य और समीकरण बदल रहे हैं। सोमवार, 1 सितंबर, 2025 का सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक चित्र मोदी, पुतिन, जिनपिंग की अंतरंग मुलाकात का रहा, जिसे क्रेमलिन और बीजिंग ने भी जारी किया। भारत के टीवी चैनलों पर सुबह के प्रसारण में यह वीडियो छाया रहा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की द्विपक्षीय वार्ता भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि मोदी, पुतिन, जिनपिंग की मुलाकात संक्षिप्त थी, लेकिन व्हाइट हाउस को चौंका दिया गया। बेशक भारत और रूस कई दशक पुराने मित्र देश हैं, लेकिन भारत-चीन के संबंधों में कई विरोधाभास और विश्वासघात हैं। उनके बावजूद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच पर तीन शीर्ष नेताओं की दोस्ती के नए अध्याय ने बहुत कुछ कह दिया है।